आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 21 नवंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-231 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ध्वनि प्रदूषण मामला : हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**बिलासपुर,21 नवंबर।** हाईकोर्ट में डीजे और साउंड बॉक्स के शोर से लोगों को होने वाली परेशानियों को लेकर जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई. इस दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से इस ध्वनि प्रदूषण को अल्ट्रा वायरस घोषित करने की मांग की गई. इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि मामले में लगातार कार्रवाई हो रही है. याचिकाकर्ता ने कहा कि कोलाहल अधिनियम में इतने कड़े नियम है ही नहीं. एक या दो बार 500-1000 रुपये पेनाल्टी लगाकर छोड़ दिया जाता है. ना सामान की जब्ती होती है और ना ही कोई कड़े नियम बनाए गए है. कोर्ट ने मामले में सरकार को जवाब पेश करने कहा है. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने भी डीजे के साथ लेजर और बीम लाइट से होने वाली परेशानियों पर चिंता जताई. कोर्ट ने कहा कि डीजे से हार्ट के साथ ऐसे लेजर लाइट से आम लोगों की आंखों को खतरा है. इसे रोकने के लिए राज्य सरकार को प्रयास करने चाहिए.

### रेलवे डीआरएम सौरभ कुमार 25 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ाए

**रायपुर,21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ रेलवे का डीआरएम सौरभ कुमार मुंबई में 25 लाख रुपए की रिश्वत लेते सीबीआई के हाथों पकड़े गए हैं। उनके साथ दो और लोगों को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि डीआरएम सौरभ कुमार बीते दिनों ही जगदलपुर प्रवास पर पहुंचे थे। बताया जाता है कि मुंबई व पुणे की कंपनियों पर रेलवे ने 3.17 करोड़ का जुर्माना लगाया था, जिसे कम करने डीआरएम व कंपनी संचालकों के बीच 25 लाख की डील हुई थी। डील की रकम लेते समय ही सीबीआई ने सौरभ कुमार को रंगे हाथों पकड़ लिया। माना जाता है कि डील की रकम लेने की सूचना किसी भेदी ने सीबीआई को दी, उसके बाद यह कार्यवाही की गई है।

### 2 लाख का कर्ज लेकर किसान ने लगाई फसल,आग लग गई

**बीजापुर,21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बीती रात एक किसान की महीनों की मेहनत से हुई फसल जलकर खाक हो गई. यह घटना जिले के उसूर क्षेत्र की है जहां किसान रमेश चापडी ने 2 लाख रुपये कर्ज लेकर खेती की थी और कटाई के बाद लाखों का धान ब्यारे में रखा था. सुबह जब वे वापिस ब्यारे में गए तो पूरी फसल जलकर खाक हो चुकी थी और आग तब भी जल रहा था. किसान ने घटना की जानकारी पटवारी और पुलिस में दी. जिसके बाद पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है. इस घटना को लेकर एसडीएम भूपेंद्र गावरे ने कहा कि पटवारी को मौके पर भेजा गया है. खेत में कितनी जमीन और फसल जली है, इसका आंकलन किया जा रहा है. उन्होंने आश्वासन दिया कि आरबीसी 6(4) के तहत उचित मुआवजा दिलाया जाएगा.

# अदाणी 2000 करोड़ घोटाला के बाद भी बाहर,तुरंत अरेस्ट हों : राहुल गांधी



**नई दिल्ली,21 नवंबर।** उद्योगपति गौतम अदाणी पर अमेरिका में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगा है.अडानी पर आरोप हैं कि उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में सौर परियोजनाओं के अनुबंध और वित्त पोषण हासिल करने लिए बड़े पैमाने पर रिश्वत दी. अब इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अडानी पर तीखा हमला बोलते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है. राहुल गांधी ने कहा, 'मुझे आश्चर्य हो रहा है कि अदाणी इस देश में एक स्वतंत्र व्यक्ति की तरह क्यों घूम रहे हैं. मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया गया है। अडानी जी ने जाहिर तौर पर 2000 करोड़ रुपये का एक घोटाला किया है और संभवतः कई अन्य घोटाले किए हैं, लेकिन वह बेखौफ घूम रहे हैं। हम इसे बार-बार दोहरा रहे हैं। यह इस बात की पुष्टि है कि हम क्या कह रहे हैं, प्रधानमंत्री अडानी को बचा रहे हैं और प्रधानमंत्री अडानी के साथ भ्रष्टाचार में शामिल हैं। राहुल गांधी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'नरेंद्र मोदी जी ने नारा दिया था कि एक हैं तो सेफ हैं. इंडिया में अडानी जी और मोदी जी एक हैं तो सेफ हैं. भारत में अडानी जी का कोई कुछ नहीं कर सकता है. एक सीएम 10-15 करोड़ के आरोप में जेल चला जाता है लेकिन अडानी जी 2 हजार रुपये का स्कैम करते हैं. कारण है पीएम उनको प्रोटक्ट करते हैं. पीएम मोदी अडानी को बचा रहे हैं और वो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं.'

राहुल गांधी ने कहा, 'अमेरिका में उन्होंने क्राइम किया है. 2 हजार करोड़ रुपये का स्कैम है. मगर हिंदुस्तान में अडानी जी का कोई कुछ नहीं कर सकता है. अडानी जी को अरेस्ट होना चाहिए. माधुरी बुच को हटाया जाना चाहिए और उनकी जांच होनी चाहिए. प्रधानमंत्री जी इस व्यक्ति को 100 फीसदी बचा रहे हैं. ये व्यक्ति बीजेपी को पूरी तरह सपोर्ट करते हैं. हमारी जेपीसी की मांग है. हम कहना चाहते हैं कि अडानी जी को अरेस्ट किया जाना चाहिए.' राहुल ने कहा कि हम जानते हैं कि अडानी का कुछ नहीं होने वाला है. उन्होंने कहा,'अगर वो लीगल तरीके से काम कर रहे हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है. अगर सरकार को लग रहा है कि कुछ गड़बड़ है तो वह जांच करे. शुरूआत तो वहीं से होगी ना कि अडानी जी को पकड़िए और उन्हें अंदर करिए फिर पूछताछ करिए. उन्हें माधुरी बुच बचा रही है जो उनके स्टॉक की कीमतों को नियंत्रित करती हैं. उन्हें भी पद से हटाना चाहिए. '

आपको बता दें कि अडानी के साथ जिन अन्य लोगों पर आरोप लगे हैं, उनमें उनके भतीजे और अडानी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अडानी और कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रहे विनीत जैन शामिल हैं. जैन 2020 से 2023 तक कंपनी के सीईओ थे और वह इसके निदेशक मंडल के प्रबंध निदेशक हैं. यह मामला अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य कंपनी के लिए भारत सरकार को 12 गीगावाट सौर ऊर्जा बेचने को लेकर अधिकारियों को रिश्वत देने से जुड़ा है. अभियोग में अडानी और अन्य पर भारत में अरबों डॉलर के अनुबंध और वित्त पोषण हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को लगभग 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने या देने की योजना बनाने के आरोप हैं.

### अमेरिकी एजेंसी की ओर से लगाए गए आरोप निराधार



अडानी समूह के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा अडानी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और खंडन किए गए हैं। अडानी समूह के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा अडानी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और खंडन किए गए हैं।

### गौतम अडाणी नये मुसीबत में फंसे

**नई दिल्ली,21 नवंबर।** भारत के सबसे अमीर अरबपति बिजनेसमैन गौतम अडाणी नये मुसीबत में फंस गए हैं। गौतम अडानी पर अमेरिका में लगा बड़ा आरोप लगता है। अडानी पर अमेरिका में सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए 265 मिलियन डॉलर (करीब 2236 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने और इसे छिपाने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में हुई सुनवाई में गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों डॉलर की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगे हैं। यह पूरा मामला अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। अडाणी के अलावा शामिल 7 अन्य लोग सागर अडाणी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल हैं। अडाणी पर आरोप है कि रिश्वत के इन पैसों को जुटाने के लिए अमेरिकी, विदेशी निवेशकों और बैंकों से झूठ बोला।



## डोमिनिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे गए पीएम मोदी

**नई दिल्ली,21 नवंबर।** पीएम नरेन्द्र मोदी डोमिनिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को कैरेबियाई देश डोमिनिका ने 'द डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है। राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन ने पीएम मोदी को इस सम्मान से नवाजा। डोमिनिका ने पीएम मोदी को कोविड काल में किए गए उनके कार्यों के लिए अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। अवार्ड मिलने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा, डोमिनिका द्वारा सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत के 140 करोड़ लोगों को समर्पित करता हूं। कोविड-19 महामारी के दौरान फरवरी 2021 में पीएम ने डोमिनिका को कोरोना वैक्सीन एस्ट्राजेनेका की 70 हजार डोज की आपूर्ति की थी। पीएम की इसी उदारता को देखते हुए डोमिनिका की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने का फैसला किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति बर्टन, आप मुझे यह पुरस्कार देने के लिए व्यक्तिगत रूप से गुयाना आई हैं। मैं इस विशेष भाव के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। भारत और डोमिनिका दो लोकतंत्र हैं। इसके साथ ही, हम पूरी दुनिया के लिए महिला सशक्तिकरण के आदर्श हैं, दोनों देशों में महिला राष्ट्रपति हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आदिवासी समुदाय से आने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। इसी तरह, राष्ट्रपति बर्टन भी डोमिनिका की पहली स्वदेशी राष्ट्रपति हैं। उन्होंने आगे कहा कि आप दोनों दुनिया की सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। भारत और डोमिनिका के बीच सदियों पुराने, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। 19वीं शताब्दी में, कई भारतीयों ने डोमिनिका को अपना घर बनाया। उनके द्वारा रखी गई नींव हमारे संबंधों को एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

### नदी पार कर छत्तीसगढ़ दाखिल हो रहे नक्सलियों से मुठभेड़, एक माओवादी ढेर

**सुकमा,21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले की सीमा से सटे ओडिशा के मल्कानगिरी जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. यह मुठभेड़ मल्कानगिरी जिले के जिनेलगुड़ा गांव के पास शबरी नदी के किनारे तड़के सुबह हुई. जानकारी के अनुसार, नक्सलियों के ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर शबरी नदी पार करने की सूचना के बाद ओडिशा पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया.

## पुलिस चौकी पर पथराव, 14 के खिलाफ मामला दर्ज

**दुर्ग,21 नवंबर।** भिलाई के स्मृति नगर चौकी में कल रात पथराव एवं पुलिस से झूमाझटकी करने वाले 14 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है. वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि मंगलवार को आरोपी पिंटू नेताम के परिजनों और डेरा बस्ती वालों ने थाने का घेराव किया था. इस दौरान पुलिस के साथ झूमाझटकी भी की गई. डेरा बस्ती के लोगों ने पथराव भी किया था, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे. सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के निर्देश पर पुलिस को हल्के बल का प्रयोग करना पड़ा था. आरोपी पिंटू नेताम को लूट के मामले में एक माह पहले डॉक्टरी मुलायजा के बाद जेल भेजा गया था. जेल में तबियत बिगड़ने पर जेल प्रबंधन ने आरोपी पिंटू नेताम को मेकाहारा हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां पिंटू नेताम के परिजनों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार,



33 दिन पहले एक लूट के मामले में स्मृति नगर चौकी पुलिस ने आरोपी पिंटू नेताम (20 वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. वहीं आज आरोपी की तबीयत बिगड़ गई. जिसके बाद जेल से उसे रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं इस मामले की जानकारी लगते ही आरोपी के परिजन और डेरा बस्ती के लोग बड़ी संख्या में स्मृति नगर चौकी पहुंचे और पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया, जिसकी वजह से वह बीमार हुआ है. इस दौरान अचानक स्थिति बिगड़ गई और भीड़ ने चौकी पर पथराव तक कर दिया गया. इस घटना में करीब तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. गुस्साई भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग किया है. घटना के बाद आसपास के थानों से पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया है. फिलहाल, स्थिति नियंत्रित है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## निज्जर हत्याकांड मामले में कनाडा के आरोप को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली,21 नवंबर।** निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा में तल्खी बढ़ती जा रही है. एक कनाडाई अखबार ने लिखा है कि भारत के वरिष्ठ नेतृत्व को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश का पता था और कनाडा की सुरक्षा एजेंसियों ने भारत को इस हत्याकांड की सूचना दी थी. भारत ने कनाडाई मीडिया की रिपोर्ट को भारत को बदनाम करने वाला बताया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम ऐसे बयान को खारिज करते हैं क्योंकि वे हास्यास्पद और तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाते हैं.

इस तरह के बदनाम करने वाले अभियान हमारे पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाते हैं, उन्होंने कनाडाई अखबार ÷द ग्लोब एंड मेल÷ की एक खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमारे पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाते हैं. खबर में दावा किया गया है कि भारत के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी इस साजिश से परिचित थे. निज्जर को पिछले साल गोली मारकर मार डाला गया था, और भारत ने कनाडा पर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है. कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खुद निज्जर हत्याकांड में भारत की संलिप्तता की आशंका जताई है.

## बिटकॉइन घोटाले में भूपेश और कांग्रेस नेता अपनी भूमिका पर जनता को जवाब दें : भाजपा

**रायपुर,21 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बिटकॉइन घोटाले के खुलासे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत प्रदेश के कांग्रेस नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा है कि बिटकॉइन मामले में, जिसके तार महाराष्ट्र चुनाव से जुड़े हैं, छत्तीसगढ़ में भी कार्रवाई हुई है और इस मामले में अब बघेल की भूमिका को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने पुरजोर मांग की कि बिटकॉइन घोटाले मामले में भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता अपनी भूमिका पर प्रदेश की जनता को जवाब दें। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में लंबे समय तक महत्वपूर्ण पदों पर रही एक नेत्री ने 'एक्स पोस्ट' कर यह पूछा है कि बिटकॉइन मामले में लिप्त जिस गौरव मेहता के यहां छत्तीसगढ़ में कारवाई हुई है, उसके पूर्व सीएम भूपेश बघेल से क्या संबंध थे? महादेव ऐप मामले में तो यह स्पष्ट ही हुआ है कि कांग्रेस सरकार में आर्थिक मामलों के तार अंतरराष्ट्रीय गिरोहों से जुड़े रहे हैं, ऐसे में बिटकॉइन घोटाले का यह खुलासा महत्वपूर्ण है। कांग्रेस को, खासकर भूपेश बघेल को इसका जवाब देना चाहिए। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस मामले जो ऑडियो टेप सामने आया है, उसमें महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की बातचीत भी है। अगर इसमें महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष इन्वॉल्व है और अपराध करने वाला छत्तीसगढ़ में है, तो यह क्यों न माना जाए कि इसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस और इस प्रकार के कार्यों में महारत रखने वाले भूपेश बघेल इन्वॉल्व हैं? इससे पहले भी राज्य में कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा अन्य चुनावी राज्यों में कांग्रेस को भ्रष्टाचार के रुपयों से फंडिंग करने के तथ्य सामने आ चुके है। भ्रष्टाचार के हर आरोपी के साथ छत्तीसगढ़ से भूपेश बघेल का




इनवॉल्वमेंट पाया गया है, फिर वह सौम्या चौरसिया हो, समीर विश्नोई हो, एजाज ढेबर के भाई अवनर ढेबर हो या कोई और।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साक्षी है कि कांग्रेस की भूपेश-सरकार किस तरह अनेक गंभीर आर्थिक आपराधिक मामलों में लिप्त रही है! भाजपा ने लगातार उन विषयों को उठाया और प्रदेश देख रहा है कि भूपेश-सरकार से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारियों, नेताओं को किसी भी अदालत से जमानत तक नहीं मिल पा रही है। ताज़ा मामला पीएससी के अध्यक्ष रहे टामन सोनवानी का है। 5 साल तक लगातार भाजपा उनके घोटाले के खिलाफ आवाज उठाती रही।

## सचिव गृह, सब इंस्पेक्टर के ऑउट ऑफ टर्न प्रमोशन मामले का निराकरण करें: हाईकोर्ट

**बिलासपुर 21 नवंबर।** सचिव, गृह (पुलिस) विभाग सब इन्सपेक्टर के ऑउट ऑफ टर्न प्रमोशन मामले का निराकरण करें ग्राम-कोहिनपारा, पुलिस थाना नगरी, जिला-घमतरी निवासी अरूण मरकाम, जिला-बीजापुर में वर्ष 2018 में पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक (सब इन्सपेक्टर) के पद पर पदस्थ थे। उक्त पदस्थापना के दौरान पुलिस थाना उसूर अंतर्गत् नड़पल्ली के जंगल में नक्सलाईड आपरेशन के दौरान नक्सली को मार गिराया इसके साथ ही भारी मात्रा में हथियार एवं नक्सली साहित्य जप्त किया गया था उसके बावजूद भी अरूण मरकाम को इन्सपेक्टर के पद पर ऑउट ऑफ टर्न प्रमोशन प्रदान ना किये जाने से क्षुब्ध होकर सब इन्सपेक्टर अरूण मरकाम द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं पी.एस. निकिता के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर की गई। अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं पी.एस. निकिता द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि पुलिस थाना उसूर अंतर्गत् किये गये एन्टी नक्सलाईट आपरेशन में शामिल सब इन्सपेक्टर उमाशंकर राठौर,



### क्लास रूम में सो रही शिक्षिका, बच्चे खुद से कर रहे पढ़ाई

**बिलासपुर,21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में लगातार शिक्षकों की लापरवाही सामने आ रही है. ताजा मामला मस्तुरी ब्लॉक के प्राथमिक शाला बरेली से सामने आया है, जहां क्लास रुम में शिक्षिका सो रही है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में शिक्षिका क्लास रुम में कुर्सी पर लात तानकर सोते दिख रही. वहीं बच्चे खुद से पढ़ाई कर रहे. वीडियो वायरल होने पर स्कूल की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे.

### स्व. लेस्ली क्लाडियस और रेणुका यादव की क्यों की जा रही है उपेक्षा

jasclaudius@gmail.com

# छत्तीसगढ़ के ओलंपिक खिलाड़ियों की कौन लेगा सुध

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का रजत जयंती वर्ष चल रहा है। यहां पर पिछले 25 वर्षों में खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक तरह के पुरस्कार, सम्मान की नीति बनाई गई। 2018 से 2023 तक सत्तारूढ़ रही कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन करके करोड़ों रुपये खर्च किए। अब वर्तमान सरकार द्वारा बस्तर ओलंपिक खेल उत्सव का आयोजन सिर्फ बस्तर क्षेत्र में किया जा रहा है। प्रदेश में खेलों को लोकप्रिय बनाने के लिए जिम्मेदार छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की गतिविधि 2018 से 2023 तक लगभग शून्य हो चुकी थी अब नई सरकार के आने के बाद हमारे प्रदेश में खेल हलचल में बढ़ोतरी हुई है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात हमारे प्रदेश में हाकी, बैडमिंटन, क्रिकेट, टेनिस, एथलेटिक्स, तैराकी, टेबल टेनिस आदि खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अधोसंरचना का निर्माण हुआ है। यह सब ठीक है लेकिन जब तक ऐसे खेल क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट नहीं होंगे तो यहां के लोगों में खेल के प्रति लगाव कैसे बढ़ेगा? केंद्र सरकार की मदद से भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत ओलंपिक खेलों के प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं। इन दिनों छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले को 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपये की राशि दिये जाने की घोषणा चर्चा में है। सवाल यह उठता है कि ओलंपिक खेलों में योग्यता हासिल करने लायक खिलाड़ी कहां से लाएंगे। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के जिन दो प्रमुख खिलाड़ियों ने ओलंपिक खेलों में भाग लिया है उनके बारे में कोई खोज खबर लेने वाला दिख नहीं रहा है। इसमें दो उदाहरण प्रमुख है एक भारत के महान हाकी खिलाड़ी लेस्ली क्लाडियस हैं। उनका जन्म 25 मार्च 1927 को बिलासपुर छत्तीसगढ़ में हुआ। वे भारत के सिर्फ दो हाकी खिलाड़ी में से एक हैं जिन्होंने भारत की तरफ से चार ओलंपिक खेलों में 1948, 1952, 1956, 1960 में भाग लिया और तीन स्वर्ण तथा एक रजत पदक जीता। लेस्ली ने 1948, 52, 56 में स्वर्ण पदक जबकि 1960 में रजत पदक जीता। भारत के ओलंपिक खेलों के इतिहास में ऐसी अद्भुत उपलब्धि हासिल करने वाले उनके अलावा सिर्फ एक अन्य खिलाड़ी पंजाब के उधम सिंह है जिन्होंने 1952, 56, 60, 64 के ओलंपिक खेलों में भारत की तरफ से खेला और 1952, 56, 64 में स्वर्ण तथा 1960 में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रहे। आज करोड़ों के पुरस्कार राशि देने की घोषणा स्वागत योग्य है लेकिन अपने छत्तीसगढ़िया महान खिलाड़ी को भूला देना कितना उचित है? पिछले 25 वर्षों में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकार सत्तारूढ़ हुई परंतु किसी ने भी लेस्ली क्लाडियस की उपलब्धि का बखान नहीं किया ना ही उनके नाम से आज छत्तीसगढ़ में कोई स्टेडियम है ना ही खेल परिसर ना ही कोई टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है ना ही उनकी स्मृति में कोई राज्य या कोई निजी संस्था कोई पुरस्कार देर रही है। अलबत्ता सिर्फ 1971 में केंद्र सरकार ने उन्हें चौथे नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया है। इसी तरह पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ की एक मात्र हाकी खिलाड़ी राजनांदगांव की रेणुका यादव हैं जिन्होंने 2016 के रियो द जेनेरियो ओलंपिक खेलों में भारत का हाकी खेल में प्रतिनिधित्व किया है। 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ की एक मात्र ओलंपियन आज गुमनामी में जी रही है। यह प्रशंसनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला हाकी टीम की कप्तान रही पद्मश्री व अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सबा अंजुम को सीधे पुलिस उपअधीक्षक (डीएसपी) और बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप को डिप्टी कलेक्टर पद पर नियुक्ति दी है। इसी तरह छत्तीसगढ़ की एक मात्र ओलंपियन रेणुका यादव को भी राज्य शासन में सीधे राजपत्रित अधिकारी के रूप में नियुक्ति दी जानी चाहिए। नकद राशि के अलावा इस तरह की नियुक्ति से छत्तीसगढ़ में युवाओं में खेलकूद के प्रति लगाव बढ़ेगा और कई प्रतिभाएं सामने आएंगी।

## जांच में पता चल जायेगा, किसके तार कहां जुड़े है: विष्णुदेव साय

**रायपुर 21 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गृहमंत्री अमित शाह जल्द ही बस्तर दौरे पर आ रहे हैं। बस्तर ओलंपिक के समापन में गृहमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ये जानकारी दी है। गृहमंत्री ने कहा कि कल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई। बस्तर में चल रहे नक्सल आपरेशंस के बारे में उन्हें जानकारी दी है। साथ ही बस्तर में आयोजित किये जा



रहे बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में उन्हें निमंत्रण दिया, गृहमंत्री ने आने की सहमति दी है। वहीं नागरिक उड्डयन मंत्री से हुई मुलाकात के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री से छत्तीसगढ़ के रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयपोर्ट का दर्जा देने की मांग की है। साथ ही छत्तीसगढ़ से इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू करने पर सहमति मिली है। जल्द ही अधिकारियों की बैठक होगी, जिसके बाद छत्तीसगढ़ से पड़ोसी राज्य झारखंड और बिहार के लिए भी उड़ान सेवा शुरू होगी। वहीं बिटकॉइन घोटाले को लेकर पूछे सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मामले की जांच चल रही है, जांच के बाद ये पता चल जायेगा, कि आखिर किसके साथ किसके क्या रिश्ते हैं। दरअसल भाजपा ने बिटकॉइन घोटाले में आरोपी गौरव मेहता के भूपेश बघेल के साथ रिश्ते के आरोप लगाये हैं। आपको याद होगा कल से ही बिटकॉइन घोटाले में आरोपी गौरव मेहता के घर पर ED की दबिश चल रही है।

# आयुक्त सुबह निकल पड़े सफाई व्यवस्था देखने, नालियों में कचरा फेंकने वालों को चेताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 नवंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय बुधवार सुबह 7 बजे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने नेहरू नगर जोन क्रमांक-1 में निकले। उन्होने भ्रमण के दौरान नेहरू नगर स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचे। वहां पर चल रहे कचरा सेग्रीगेशन के कार्य को देखे और वहां पर कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों से पूछे कि किस प्रकार से कचरे को अलग-अलग किया जाता है, उसका किस प्रकार से निष्पादन किया जाता है। खाद बनाने कि विधि आदि का अवलोकन किये। यह सब देख-सुन आयुक्त बहुत खुश हुए और कार्य करने वाले कर्मचारियों को इसी तरह से कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की समस्या आने पर सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। निगम आयुक्त पदभार ग्रहण करते ही शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर-शोर से लग गये हैं। उन्होंने जोन आयुक्तों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र के सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए रोज सुबह वार्डों का भ्रमण करें। वे स्वयं भी निरीक्षण करेंगे। नेहरू नगर रैश्ने आवास के पास आयुक्त जब सफाई का निरीक्षण कर रहे थे, वहां पर स्थानीय निवासियों द्वारा नालियों में कचरा फेंकने की शिकायत मिल रही थी। उन्होंने निवासियों को बुलाकर समझाया कि नाली में कचरा फेंकते हुए पाये जाओगे तो इस क्षेत्र में सफाई मित्र रोज सुबह घर-घर कचरा लेने नहीं आएगा। कचरा फेंकने वालों से अर्थदण्ड वसूलने के लिए जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना को निर्देशित किये। यह नहीं चलेगा हम लोग सफाई भी करें और लोग घर का कचरा नालियों में भी फेंकेगें। भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला उपस्थित रहे।



## एक नजर

### चाकू से लोगों को धमका रहा था, नाबालिग पकड़ा गया

**भिलाई 21 नवंबर।** चाकू लहरा कर लोगों को डरा धमकाते एक नाबालिग को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25-27 के तहत अपराध दर्ज किया है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि तैलिक भवन के सामने राम नगर के पास एक पतला दुबला लड़का चाकू दिखाकर भवन जाने वालों को डरा धमका रहा था सूचना पर तत्काल टीम रवाना कर मौके से नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

### मनरेगा कार्यालय में दिखी बेहतर स्वच्छता



**कवर्धा 21 नवंबर।** कबीरधाम जिला में तरुण छत्तीसगढ़ ने स्वच्छता अभियान का जायजा लिया तो जिला पंचायत के मनरेगा कार्यालय में बेहतर स्वच्छता दिखी। ऐसा देखकर कहा जा सकता है की कबीरधाम जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बेहतर स्वच्छता जिले में दिख रही है।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों को घोषित किया गया संरक्षित क्षेत्र

**भिलाई, 21 नवंबर।** शासन द्वारा हर साल सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई, जिला दुर्ग, क्षेत्र अन्तर्गत संलग्न परिशिष्ट- 01 एवं परिशिष्ट-2 तथा मानचित्र अनुसार क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाता है। जिसमें पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी (भिलाई नगर) दुर्ग के पत्र के अनुसार भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई एवं नगर को अनुसूची में दर्शित अनुसार क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गई है। इसके तहत संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहता है।

### चिखली में निशुल्क चिकित्सा



### शिविर का आयोजन

**भिलाई, 21 नवंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम चिखली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (बीएसपी) से डॉ निशी मिंज, फार्मासिस्ट गौर, नर्स प्रभा सैम्युअल, पंजीयन हेतु शंभु दयाल तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग से डॉ ओमेष्वरी साहू, निर्मल टंडन, प्रीति ठाकुर, नीता यादव, के उमा राव, देवराज टिकारिया, माया साहू, निरंजनी साहू, रूपमती सारथी, केसरी साहू एवं सीएसआर विभाग से श्री बुधेलाल उपस्थित थे। इस शिविर में 76 महिला, 18 पुरुष तथा 06 बच्चे सहित कुल 100 लोगों की जांच कर, उन्हें दवाई का वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

### आकाशवाणी से गौहर की गजलों का प्रसारण 23 को



**भिलाई, 21 नवंबर।** शायर रियाज खान गौहर की ग़ज़लों का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर की साहित्यिक पत्रिका पल्लवी में 23 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे होगा। सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी रियाज खान गौहर लंबे अरसे से साहित्य साधना कर रहे हैं। उन्होंने साहित्य प्रेमियों से प्रसारण सुनने की अपील की है।

## निधन

### सुनील कश्यप

**भिलाई, 21 नवंबर।** मैथिल पारा वार्ड क्रमांक 32, दुर्ग निवासी सुनील कश्यप (57 वर्ष ) सब्जी व्यवसायी पिता स्व0 पूरन लाल कश्यप का आकस्मिक निधन बृहस्पतिवार 20 नवंबर को सुबह 8.30 बजे हो गया जिनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती अर्चना कश्यप के पति तथा नीलेश व शीतल कश्यप के पिताजी थे। अनिल, सतीश व सुधीर के भाई तथा हरीश कश्यप के चाचाजी व नवीन, मानव व कार्तिक के बड़े पिताजी थे। वे कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समाज के सक्रिय कार्यकारिणी सदस्य थे।



# गृहमंत्री के प्रयास से जिलेवासियों की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग 24 घंटे अलर्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 21 नवंबर।** कबीरधाम जिला में जिले वासियों की सुरक्षा के मद्देनजर गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिला कबीरधाम में कवर्धा, बोडला, पोड़ी सहित छत्तीसगढ़ राज्य में डायल 112 और पुलिस पेट्रोलिन गाड़ी चौबीस घंटे महिलाओं, बच्चों सहित परिवार की सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तैयार रहती है और गांवों या शहरों में बाजार, स्कूल, कालेज ओर चौक चौराहों के साथ संवेदन शील इलाको ओर सुनसान इलाको में भी पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी घूमती हुई देखी जाती है और आसाजमिक तत्वों पर पैनी नजर रहती है। पोड़ी चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने सुरक्षा व्यवस्था के सवाल पर बताया की पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग पूरी तरह महिलाओं बच्चों ओर परिवार की सुरक्षा के प्रति मुस्तैद है। गांजा तस्कर, अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ भी लगातार कबीरधाम जिले में कारवाई हो रही है जिससे महिलाओ और छात्राओं में पुलिस विभाग की तारीफ की चर्चा होती हुई दिख रही है। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो पर यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो भी लगातार कारवाई कर रहे है जिसकी तारीफ अधिकतर होती हुई दिख रही है। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में यातायात विभाग लगातार यातायात जागरूकता का संदेश स्कूल ,कालेज में दिया जा रहा है जिससे की सभी यातायात सुरक्षा का पालन करे। छात्र छात्राओं, महिलाओं ने गृहमंत्री विजय शर्मा की तारीफ करते हुए पुलिस विभाग की तारीफ की। कवर्धा, पोड़ी, बोड़ला, चिल्फी, सहसपुर लोहारा सहित थाना चौकियों के थाना प्रभारी की मॉनिटरिंग में पुलिस विभाग 24 घंटे लोगो की सुरक्षा के प्रति गंभीर दिख रही है और आसाजमिक तत्वों में घबराहट दिख रही है।



# सीटीटीसी के महाप्रबंधक राजशेखर का भिलाई दौरा

**भिलाई, 21 नवंबर।** सेंट्रल टूल रूम एवं ट्रेनिंग सेंटर (सीटीटीसी) भुवनेश्वर के महाप्रबंधक एल राजशेखर, भिलाई टाउनशिप में एमएसएमई सेंटर (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) की स्थापना के लिए बुधवार को भिलाई प्रवास पर आए। राजशेखर के साथ वरिष्ठ प्रबंधक (सीटीटीसी), भुवनेश्वर राजन भी आए थे। एमएसएमई सेंटर की स्थापना के तौर-तरीकों पर चर्चा करने के लिए कार्यपालक निदेशक पवन कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक टी के कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक रविशंकर, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक शिवराज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।



# नशे में वाहन चलाते चालक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की

**भिलाई 21 नवंबर।** बीती रात गुरूद्वारा चौक में शराब के नशे में एक ड्राइवर ट्रक को लहराते हुए चला रहा था। सूचना मिलते ही ट्रैफिक ने ट्रक ड्राइवर को रोककर ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक करने पर 815 एमजी भारी मात्रा में एल्कोहल शराब सेवन करना पाया गया। इस तरह से हाइवे में एक गंभीर सड़क दुर्घटना होने से रोका गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ट्रैफिक ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि रात 9 बजे एक आम नागरिक ने गुरूद्वारा चौक में ड्यूटी कर रहे आरक्षक आशिक अली को सूचना दी कि एक वाहन चालक लालचंद साहू जो हाईवे में भारी वाहन को लहराते हुए वाहन चला रहा है जो नशे में प्रतीत होता है सूचना पर तत्काल पेट्रोलिंग उनि. राजकरण सिंह आरक्षक राहुल सोनी, यामनदास, ओम प्रकाश ने स्टॉपर लगाकर वाहन को गुरूद्वारा चौक पर रोका गया वाहन रोककर चालक को ब्रीथएनेलाईजर मशीन से चेक करने पर 815 एमजी भारी मात्रा में शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाया गया जिस पर वाहन को यातायात मुख्यालय नेहरू नगर खड़ाकर अग्रिम कार्रवाई के लिए चालक को न्यायालय प्रस्तुत किया गया साथ ही उक्त वाहन के मालिक को यातायात पुलिस ने नोटिस जारी किया गया।



# आयुक्त ने विकास कार्यों के सुचारु संचालन के लिए ली समीक्षा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 नवंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। जिसमें शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक विभाग प्रमुख से प्राप्त किये। योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किये और कहा कि प्रयास करना है कि जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रमुख रूप से आयुक्त का कहना था कि हम सबको जनता के प्रति अच्छा काम करना है। जो भी निगम व जनता के हित का काम है उसे हमें समय पर बताएं, हम सब मिलकर निराकरण करेंगे। जो भी पेंडिंग फाइलें हैं उसे नियमानुसार डिस्पेज के माध्यम से भेजें, उसका निराकरण किया जाएगा। जोन के अधिकारियों को बताया कि जो भी रूका हुआ फाईल है उसे लाकर निराकरण करवाएं। निगम क्षेत्र में जितने भी उद्यान हैं, उसका रखरखाव करना हमारी प्राथमिकता है। जो भी पुराना काम रूका हुआ है, उसकी लिस्ट बनाकर दें, हम बात करेंगे, उसका निराकरण कराया जाएगा। रुके हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बहुत से काम बीएसपी से एनओसी नहीं मिलने के कारण रुका हुआ है उसका निराकरण करने के लिए आयुक्त ने पत्र लिखने के लिए कहा। आयुक्त ने यह भी ध्यान देने को कहा हमें मितव्ययिता बनाना है, अनावश्यक बिजली का उपयोग नहीं करना है। लाईट, पंखा, एसी का उपयोग जो करने के बाद बंद कर देना है। वाहन शाखा में अनावश्यक खर्च को रोकना है, जहां पर भी बचत हो सकता है उसे अवश्य करें।



# जल उत्सव अभियान समापन कार्यक्रम में जल संरक्षण की सभी लोगों ने शपथ ली, प्रशस्ति पत्र भी बांटे गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 21 नवंबर।** जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता डी एस राजपूत के मार्गदर्शन में 6 नवम्बर से 20 नवम्बर तक बोड़ला ब्लॉक में छात्र छात्राओं शिक्षकों ओर समाज को जल संरक्षण, जल स्वच्छता और स्वच्छता ही सेवा के साथ साथ जल की शुद्धता के बारे में जानकारी के साथ जागरूक किया गया। एसडीओ गोपाल ठाकुर और उप अभियंता टोमन कुंजाम लगातार जल संरक्षण जागरूकता के लिए प्रेरित हमेशा करते हुए दिखे और अच्छे से जल शुद्धता और जल संरक्षण की भी जानकारी एसडीओ गोपाल प्रसाद ठाकुर के मॉनिटरिंग में उप अभियंता टोमन कुंजाम ने छात्र छात्राओं, शिक्षकों ओर महिला समूहों को दी। छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले के आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला के ग्राम बोदा 03 में जल उत्सव अभियान का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन कार्यक्रम में जल उत्सव अभियान एवं अभियान के उद्देश्यों को बताया गया। कार्यक्रम में आंकाक्षी विकास खंड कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। बीस नवम्बर को समापन कार्यक्रम में 06 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुये 15 दिवसीय जल उत्सव अभियान के दौरान तिथिवार किये गये। समापन समारोह में विकासखंड स्तरीय अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, खगेन्द्र कुमार एस.एफ.आई.सी. माइक्रोसेव कन्सल्टिंग डेवेलोपमेंट पार्टनर ऑफ नीति आयोग, जन समुदाय एवं स्कूल के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। जल उत्सव अभियान के माध्यम से लोगों में पानी और जल संपत्तियों को बचाने व संरक्षित करने हेतु संवेदनशीलता जागृत हुई। इस अभियान में जन समुदाय को जल स्त्रोत की स्वच्छता व सुरक्षा करने हेतु प्रेरित किया। जल उत्सव अभियान के दौरान लोगों में समाजिक और सांस्कृतिक नाटक व नृत्य के माध्यम से पानी के बारे में संवेदनशीलता और पानी के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की गई ताकि इससे हर घर में प्रमुख महत्व का मुद्दा बनाया जा सके। जल उत्सव अभियान ने शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को जल परिसंपत्तियों एवं उनके महत्व से जोड़ने का प्रयास किया जिससे आने वाले पीढ़ियों में जल संरक्षण को लेकर व्यक्तिगत नैतिक जिम्मेदारी को बढ़ावा मिलेगा। इस अभियान ने जल जीवन मिशन हर घर जल जैसे योजनाओं के महत्व को हर घर तक पहुंचाने का काम किया।



## समाचार संक्षेप

### स्मृति नगर चौकी में रात को हुआ जमकर हंगामा



**भिलाई 21 नवंबर।** जेल में बंद लूट का आरोपी बीमार हो जाने की बात पर उसके परिजन भड़क गए और डेरा बस्ती के लोगों ने स्मृति नगर चौकी पहुंचकर हंगामा कर दिया पुलिस और बस्ती के लोगों में झूमाझटकी जैसी स्थिति बन गई बाद में पुलिस ने डेरा बस्ती के लोगों को समझाइश देकर वापस भेजा बीते सितंबर महीने को पिंटू ने अपने दो साथियों के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया था 18 सितंबर को वह पकड़ा गया था। उसे दुर्ग जेल भेज दिया गया था परिजनों को पता चला कि पिंटू जेल में बेहद बीमार है इस बात से नाराज परिजन व डेरा बस्ती के लोग स्मृति नगर चौकी पहुंच गए पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करने लगे यहां तक थाने में पथराव जैसी बातें भी सामने आई, पर पुलिस ने पथराव जैसी घटना से इंकार कर दिया। इधर थाने में घुसने का प्रयास कर रहे डेरा बस्ती के लोगों के साथ पुलिस की झूमाझटकी भी हुई भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने चौकी पहुंचकर डेरा बस्ती के लोगों को समझाईश दी तथा बताया कि पिंटू को इलाज के लिए मेकाहारा रायपुर में भर्ती कराया गया है

### हमारा शौचालय, हमारा सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक ललित चंद्राकर



**भिलाई 21 नवंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोलिहापुरी में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर, 19 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलने वाले अभियान हमारा शौचालय, हमारा सम्मान के शुभारंभ में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में माताओं का गोद भराई, नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन, और आंगनबाड़ी के बच्चों को बॉटल वितरण किया। साथ ही आयोजीत रंगोली, व्यंजन, और मेंहदी प्रतियोगिताओं में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अद्भुत कार्यक्रम में सम्मिलित होकर, सभी को आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन , जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र साहू जी, सभापति जिला पंचायत योगिता चंद्राकर , अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख , सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे जी, सीईओ जनपद पंचायत रूपेंद्र पांडे , परियोजना अधिकारी एवं महिला बाल विकास उषा झा , जिला पंचायत दुर्ग एवं जिला समन्वयक गिरीश माधुरे जिला सलाहकार राजेश तांडेकर , जिला पंचायत दुर्ग पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सभी आयोजक कर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर रेलवे स्टेशन को मिला ईट राईट स्टेशन का खिताब



**भिलाई, 21 नवंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा के मार्गदर्शन में बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों को ईट राईट स्टेशन से प्रमाणित किया गया है। यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चिकित्सा विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, पूर्वी क्षेत्र कोलकाता के बीच सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है। ईट राईट स्टेशन प्रमाणन अपने संरक्षकों के लिए खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के प्रति बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों के समर्पण का एक प्रमाण है। इस पहल के क्रियान्वयन की निगरानी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गयी है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों के सभी खाद्य स्टालों ने अपेक्षित खाद्य लाइसेंस प्राप्त कर लिया है। यह गारंटी देते हुए कि विक्रेता खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के उच्चतम मानकों को पूरा करते हैं। प्रत्येक विक्रेता को भोजन विक्रय करने के लिए अपनी चिकित्सा स्वास्थ्य को सत्यापित करने के लिए एक व्यापक चिकित्सा परीक्षण से गुजरना पड़ा। सभी विक्रेताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। भोजन तैयार करने में उपयोग किये जाने वाले पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय चिकित्सालय में स्थित लैब में जीवाणु एवं रासायनिक जल विश्लेषण किया गया है।

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, कोहका और तेन्दूनाला का किया निरीक्षण

## चेताया, धान उपार्जन केन्द्र में कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री होने पर होगी कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 नवम्बर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर जिले में धान खरीदी का कार्य तेजी से चल रहा है। धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय करने वाले किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और इस कार्य की सतत निगरानी के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। इन नोडल अधिकारियों द्वारा धान उपार्जन केन्द्र का सतत भ्रमण कर केन्द्र में उपलब्ध धान और बारदानों का सत्यापन भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिले के डोंगरगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, कोहका और तेन्दूनाला का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने समिति प्रबंधकों से धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, शौचालय, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ आर्द्रतामापी यंत्र के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ पहुंचकर धान विक्रय के लिए उपस्थित किसानों से चर्चा कर प्रशासन द्वारा द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि इस वर्ष कई स्थानों पर माहो कीट इत्यादि लगने के कारण उत्पादन में कुछ कमी आई है। कलेक्टर ने कहा कि किसान इन उपार्जन केन्द्रों में अपने वास्तविक उपज का विक्रय सुनिश्चित करें। उन्होंने समिति प्रबंधक को कहा कि धान उपार्जन केन्द्र में किसी भी कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री नहीं होनी चाहिए। ऐसा होने पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्र में महिलाओं कृषकों के लिए अस्थाई शौचालय बनाने के निर्देश दिए। ग्राम बाकल के कृषक श्री टोकेश्वर साहू एवं श्री कौशल ने बताया कि समय पर उनका धान तौलाई कर लिया गया है। इस दौरान समिति प्रबंधक ने बताया कि अब तक इस केन्द्र में 5 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है और आज 39 किसानों का टोकन वितरित किया गया है, जो आज धान विक्रय करेंगे। धान उपार्जन केन्द्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी श्री वीके गणवीर को प्रतिदिन भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज डोंगरगांव के धान उपार्जन केन्द्र कोहका एवं तेन्दूनाला के औचक निरीक्षण के दौरान उपार्जित धान की गुणवत्ता, तौलाई के कार्य एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में किसानों से बातचीत की। किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि विगत दिनों विक्रय किए गए धान की राशि अंतरित हो गई है। कलेक्टर ने कहा कि किसान अपनी ऋण पुस्तिका किसी अन्य का न दें। उन्होंने रकबा समर्पण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। बताया गया कि धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़ में 7 किसानों का रकबा समर्पण हुआ है। वहीं धान उपार्जन केन्द्र तेन्दूनाला में 10 किसानों का रकबा समर्पण कराया गया है। धान उपार्जन केन्द्र तेन्दूनाला में 844 किसानों ने धान विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है। करीब 77 किसानों ने 3 हजार 710 क्विंटल धान की बिक्री कर ली है। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी की जा रही है। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी किया जा रहा है। जिले में 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। खरीदी केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा पर्याप्त मात्रा में बारदाना प्रदाय किया गया है। किसानों को भुगतान शाखाओं, एटीएम, माईक्रो एटीएम एवं मोबाईल बैंकिंग के माध्यम से की जा रही है। जिले में कुल 1 लाख 32 हजार 468 किसानों का पंजीयन हुआ है।

## एक नजर

### सट्टा पट्टी व शराब सहित दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 21 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं जुआ सट्टा तथा अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20.11.2024 को 18:30 बजे मुखबीर की सूचना पर घटना गांधी चैक राजनांदगांव में रेड कार्यवाही कर आरोपी राकेश सोनी उर्फ तुफान पिता स्व0 गया प्रसाद सोनी उम्र 30 साल साकिन वार्ड नं0 25 गांधी चैक थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी नगदी रकम 270 रूपये एक डाट पेन जप्त कर आरोपी का कृत्य धारा 6 छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अप0क्र0 719/24 धारा 6 छ0ग0 जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 कायम किया गया एवं मुखबीर की सूचना पर रात्रि 20:15 बजे घटना स्थल गौरीनगर रेल्वे फाटक के पास राजनांदगांव मे घेराबंदी कर आरोपी अमीर खान पिता स्व0 मोह0 समीम खान उम्र 20 साल साकिन डबरीपारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से 18 पौवा शोले देशी प्लेन शराब मात्रा 3.240 बल्क लीटर कीमती 1620 रूपये जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अप0क्र0 720/24 धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर कार्यवाही किया गया। आगे भी अवैध शराब बिक्री एवं जुआ सट्टा के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ, सउनि0 उदय सिंह चंदेल, प्र0आर0 संदीप चैहान, आरक्षक कुश बघेल, प्रदीप जायसवाल, भुवनेश्वर जायसी, चोवाराम पंचारी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 दिसम्बर तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 21 नवंबर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 20 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 22 नवम्बर को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, महात्मा गांधी वार्ड नं. 7 व शंकरपुर वार्ड नं. 9 के लिये हास्पिटल परिसर शंकरपुर में, 25 नवम्बर को डॉ. भीमराव आम्बेडकर वार्ड नं. 12 के लिये बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में व गौरी नगर वार्ड नं. 13 के लिये सार्वजनिक मंच गौरी नगर में एवं 26 नवम्बर को बलरामदास वार्ड नं. 14 के लिये वेसलियन स्कूल में, डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिये राम मंदिर बी.एन.सी. मिल के पास में, ठा. प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अक्टूबर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

### काफी खुश हूं कि मुझे एक दिन का अधिकारी बनने का मौका मिला



**धमतरी, 21 नवम्बर।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के अभिनव प्रयास से बीते दिन जिले के हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के 202 विद्यार्थियों ने कलेक्टोरेट सहित विभिन्न कार्यालयों का संबंधित अधिकारियों के साथ भ्रमण कर शेडो अधिकारी की भूमिका निभाए। इस दौरान बच्चों ने उत्सुकता से कार्यालयों में किए जाने वाले कार्य, अधिकारी, कर्मचारियों की दिनचर्या, योजनाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन सहित विभिन्न कार्यक्रमों को करीब से जाना और समझा। इस अभिनव पहल के लिए बच्चों ने जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया और आगे भी ऐसे आयोजन संचालित होते रहें, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी मौका मिले, ऐसी अपेक्षा कलेक्टर के समक्ष रखीं। शेडो जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के तौर पर भूमिका निभाने वाली शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बारना की कक्षा बारहवीं की विद्यार्थी कुमारी मौरवी किरण काफी संवेदनशील और जिज्ञासु प्रवृत्ति की है, वह शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं को गंभीरतापूर्वक जाना और समझा तथा इनसे प्रभावित भी हुईं। कुमारी मौरवी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के साथ उनके कार्यालय में बैठकर कार्यालयीन कार्यों, योजनाओं से लाभान्वितों, आंगनबाड़ी में दी जाने वाली सुविधाओं, बालकों हेतु संचालित बालगृह, चाईल्ड हेल्पलाईन, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड सहित कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजीयों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके अलावा सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड इत्यादि का भी भ्रमण किया। इस दौरान बाल संरक्षण के तहत स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में श्रीमती एक्का ने मौरवी को जानकारी दी। एक क्षण की भी देरी ना करते हुए कुमारी मौरवी ने योजना से अपने गांव के एक परिवार को जानकारी देने की बात अधिकारी के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि उनके गांव में निर्मलकर परिवार रहता है, जिसके मुखिया की पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में घायल होने की वजह से इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। दो माह पूर्व घटित इस घटना से उस परिवार में कमाने वाला कोई सदस्य नहीं रहा और वह महिला अपने तीन बच्चों के साथ अत्यंत गरीबी व अभाव में जीवन-यापन कर रही है।

# 24 नवंबर को साहू समाज का राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन



**छुरिया 21 नवंबर।** जिला साहू संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 24 नवंबर को साहू सदन राजनांदगांव में किया जा रहा है।

जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू एवं आजीवन जिला सदस्य जाकेश साहू ने बताया कि आगामी 24 नवंबर को सुबह 10-00 बजे संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

तत्पश्चात सामाजिक परिचारिका का विमोचन होगा। इस संबंध में तैयारी जिला साहू संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्रीमान विष्णु देव साय होंगे। विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, गृह मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री माननीय श्रीमान विजय शर्मा, सांसद माननीय श्रीमान संतोष पांडे, पूर्व सांसद माननीय मधुसूदन यादव जी, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्रीमान टहल साहू जी, प्रदेश के समस्त स्वजातिय विधायक गण आदि विशेष अतिथि के रूप में अपने गरिमामई उपस्थिति देंगे।

जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू, जाकेश साहू, माधव साहू, भोज कुमार साहू एवं छन्नू साहू ने बताया कि संबंधित आयोजन की तैयारी में जिला साहू संघ के समस्त पदाधिकारीगण, महामंत्रीगण, उपाध्यक्ष गण, अंकेक्षण, शिक्षक गण एवं सदस्यगण लगे हुए हैं। तथा रात और दिन इसके लिए भिड़े हुए हैं।

सामाजिक परिचारिका की पूरी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने समाज के समस्त सदस्यों, पदाधिकारी एवं जिला साहू संघ के सभी सम्माननीय सामाजिक बंधुओ से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।उक्त कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान सदस्यों, विभूतियां एवं समाज से जुड़े छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा।

### डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास में निरस्त फ्लैट्स का होगा बहालीकरण

**रायपुर, 21 नवंबर।** रायपुर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल ने आज जनहित में दो महत्वपूर्ण फैसले किए। इसमें आवंटतियों को बकाया राशि के एकमुश्त भुगतान पर आवासीय योजनाओं में 50 प्रतिशत व व्यावसायिक योजनाओं में एक मुश्त भुगतान पर 30 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट्स में रखरखाव और और जलकर की सरचार्ज राशि में पूरे 100 प्रतिशत की छूट एकमुश्त भुगतान किए जाने पर दिया जाएगा।

### महापौर निधि व पार्षद निधि तथा कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान के लिये महापौर ने राशि आबंटित करने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**राजनांदगांव 20 नवम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर निगम की वर्तमान आर्थिक स्थिति के आधार पर कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं लंबित देयक के भुगतान हेतु 9 करोड 40 लाख रूपये आबंटित करने मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने महापौर निधि एवं पार्षद निधि आबंटित करने की भी मांग की है। महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में लिखा है कि वर्तमान में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली नही हो पा रही है, जिसके कारण निगम की आर्थिक स्थिति सृदृढ़ नहीं है। राशि के आभाव में निकाय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 3 माह का वेतन भुगातन लंबित है, जिस कारण से कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है। दीपावली त्यौहार में भी कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है, तथा पार्षदों का मानदेय 9 माह से अप्राप्त है। महापौर श्रीमती देशमुख ने पत्र में उल्लेख किया है कि निगम की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखकर माह अगस्त से अक्टूबर 2024 तक नियमित अधिकारी कर्मचारी के लिये 5 करोड 18 लाख 12 हजार रूपये तथा प्लेसमेंट कर्मचारी के लिये 3 करोड 39 लाख 8 हजार रूपये एवं पार्षदगणों का मानदेय 82 लाख 80 हजार रूपये कुल 9 करोड 40 लाख रूपये अंतर की राशि अनटाईटड फेड से आबंटित करने माननीय मुख्यमंत्री जी को अनुरोध पत्र प्रेषित किया है। इसके अलावा महापौर श्रीमती देशमुख ने महापौर निधि एवं पार्षद निधि आबंटित करने भी पत्र प्रेषित किया है, पत्र में उन्होने लिखा है कि महापौर एवं पार्षदों को अपने अपने वार्डो में विकास कार्य कराने प्रतिवर्ष महापौर एवं पार्षद निधि आबंटित किया जाता है।

## समाचार संक्षेप

### धान का अवैध भंडारण एवं परिवहन रोकने खाद्य, राजस्व एवं मंडी विभाग ने कार्रवाई की

**राजनांदगांव 21 नवंबर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा बिना मंडी लाईसेंस के धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राष्ट्रीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पोटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है। जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारी द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव मंडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हल्दी में श्री कामेश साहू द्वारा अवैध धान परिवहन किये जाने पर 18 क्विंटल धान जप्त किया गया। ग्राम महरापुर के श्री भुनेश्वर साहू के गोदाम में भंडारित 216 क्विंटल धान जप्त किया गया। विकासखंड छुरिया के ग्राम कल्लूबंजारी में श्री मोजेश कुमार पटेल द्वारा लायसेंस क्षमता से अधिक धान के भंडारण किये जाने पर 12 क्विंटल धान जप्ती की कार्रवाई की गई। विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत पटपर में श्री दुर्गा प्रसाद साहू के निवास में अवैध रूप से भंडारित 20 क्विंटल धान की जप्ती बनाया गया। इस प्रकार जिले में छापामार कार्रवाई करते हुये कुल 266 क्विंटल धान जप्ती कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन



**राजनांदगांव 21 नवंबर।** कृषि विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शन कर दिखाया मशरूम उत्पादन की विधि सिखाई तकनीकी के प्रशिक्षण राजनांदगांव कृषि रवे विद्यार्थियों द्वारा किया गया मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन दिनांक 20 नवंबर ग्राम धामनसरा में पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र अधिष्ठाता डां जयलक्ष्मी गांगुली के मार्गदर्शन में ह्र्ड्ड2द्द छात्रों द्वारा डां नितिन कुमार तर्र ( पादप रोग विज्ञान विभाग) के मार्गदर्शन में जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिक योगेन्द्र दास वैष्णव तथा ग्राम किसान भी शामिल हुआ सर्वप्रथम धान के पैरे को 2 से 3 इंच छोटे छोटे काटकर 10 किलो पैरे के कुट्टी 100 लीटर पानी में 7-8 ग्राम बाविस्टीन तथा 132 मिली. फॉर्मेलीन मिला कर 10 से 12 घंटा तक डूबा ले,तत्पश्चात भीगे कुट्टी को साफ पॉलीथिन में निकल कर धूप में सूखा ले, कुट्टी में नमी रहे इतना सूखा कर ,पॉलीप्रोपाइलीन पॉलीथिन बैग ( 12*18 इंच ) में स्पोंन (मशरूम बीज ) के साथ टाइट लेयर डाल कर बैग तैयार कर उसमे थोड़ा छेद कर ले. उसके बढ़ उसे साफ रूम में रख दे 10 से 15 दिनों बाद द्व4ष्द्वद्यद्बद्ध पूरा फैल जाएगा इसके 1 हफ्ते के बाद उत्पादन शुरू हो जाता है उत्पादन प्रशिक्षण में विवि के छात्रो मनु कुमार मनीष जघेंल नवीन शर्मा ओमप्रकाश रोहित सुखदेव वर्मा स्वाति संध्या सौम्या सत्यप्रकाश सत्यम संजय शिवांगी भगत मीनाक्षी रामलाल तथा सभी विद्यार्थियों का योगदान रहा।

### करदाताओं की सुविधा के लिये निगम में यूपीआई की सुविधा

**राजनांदगांव 21 नवम्बर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में शत प्रतिशत राजस्व वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की पहल पर राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ राजस्व करों का ऑन लाईन संधारण तथा यू.पी.आई. से करो की वसूली हेतु निगम का क्यू.आर कोड जारी किया गया है, जिसके माध्यम से वसूली कर्ता करदाताओं से मोबाईल से निगम के क्यू.आर कोड से करों का भुगतान करने प्रेरित करेंगे। नगर निगम द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली के लिये डिमाण्ड दुरूस्तीकरण किया जा रहा है। जिसके तहत कर दाताओं के घर व प्रतिष्ठान के पास जाकर मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया गया और पूर्व के डिमाण्ड से मिलान की गयी, डिमाण्ड मिलान करने पर भिन्नता पाये जाने पर वर्तमान सत्यापन के आधार पर डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है। साथ ही जिन घरों का डिमाण्ड में दर्ज नहीं है उनका भी सत्यापन उपरांत विवरणी भर दर्ज कराया जा रहा है। मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है, जिसकी समय समय पर उपायुक्त श्री मोबिन अली तथा राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन द्वारा समीक्षा कर डिमाण्ड दुरूस्त कराया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के विरूद्ध वसूली हेतु एवं करदाताओं की सुविधा के लिये ऑन लाईन वसूली किये जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिये पूर्व में बैक के अधिकारियों ने राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला को प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा कर्मचारियों को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर की मांग का ऑन लाईन संधारण करने संबंधी जानकारी दी गयी, साथ ही करदाताओं की सुविधा हेतु यू.पी.आई. वालेट, चेक, कार्ड, नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से करों का भुगतान की सुविधा कैसे उपलब्ध कराना है जानकारी दी गयी। जिसके आधार पर निगम का राजस्व अमला करदाताओं को ऑन लाईन सुविधा के बारे में जानकारी दे रहे है, आयुक्त श्री विश्वकर्मा की पहल पर करदाताओं की सुविधा के लिये मोबाईल से यू.पी.आई. कर राजस्व करों का भुगतान करने निगम का क्यू.आर कोड जारी किया जा रहा है।

## पूर्व शिक्षा मंत्री ने लिखा वर्तमान शिक्षा मंत्री को पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 नवंबर।** प्रदेश भर के दिवंगत पंचायत शिक्षको के परिजनों ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर पूर्व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से उनके निवास पर मुलाकात की। इससे पहले संगठन ने कलेक्ट्रेट गार्डन रायपुर में बैठक लेकर उन पर भरोसा जताया। श्री अग्रवाल ने भी उनकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए वर्तमान शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें अनुकंपा नियुक्ति देने हेतु सिफारिश की हैं। संगठन के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति माधुरी मृगे ने बताया कि कैबिनेट में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा अनुकंपा नियुक्ति निराकरण संबंधी आदेश के पश्चात, जिसमें टेट योग्यता धारी दिवंगत पंचायत शिक्षक परिजन को शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया गया हैं। किंतु टेट अनुत्तीर्ण अन्य लगभग 1000 आश्रित परिजन के लिए तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पर जल्द निराकरण की मांग जारी है। संघ प्रांताध्यक्ष श्रीमति माधुरी मृगे के अध्यक्षता में 16 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर गार्डन रायपुर में बैठक रखा गया। तत्पश्चात प्रतिनिधि मंडल,अरुंधति शर्मा, प्रमोद चौबे , गीता साहू , पूर्व शिक्षा मंत्री वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात करते हुए पात्रता अभाव , दिवंगत पंचायत शिक्षक परिजन के लिए तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में जल्द निराकरण की मांग किए हैं। उनके द्वारा तत्काल संवेदन शीलता पूर्वक मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को दिवंगत पंचायत शिक्षक व परिजन के मांग का समर्थन करते योग्यता /पात्रता अनुसार तृतीय चतुर्थ श्रेणी में अनुकंपा निराकरण हेतु पत्र लिखे, प्रांताध्यक्ष माधुरी मृगे ने भाजपा सरकार पर भरोसा व आश पूर्वक परिवार की हालत दयनीय है। बच्चों के भरण पोषण हेतु अति शीघ्र अनुकंपा निराकरण हेतु मांग किया गया । बैठक में रूपा,तृप्ति ,बबीता, रुक्मणि व सभी पीड़ित परिजन उपस्थित थे।



## महाराष्ट्र और झारखंड में खिलेगा कमल: मो. इरफान शेख



**राजनांदगांव 21 नवंबर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद इरफान और जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ समवेत तौर पर अपने एक जारी बयान में कहा कि महाराष्ट्र में 288 सीटों वाले विधानसभा महाराष्ट्र के लिए हो रहे आम चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत से जीतकर सरकार बनाएगी। इसी तरह झारखंड में 81 सीट वाले झारखंड विधानसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में भी भाजपा अपने प्रतिद्वंद्वी पार्टी को करारी शिकस्त देकर फतह हासिल करेगी। स्पष्ट बहुमत से पूर्ण बहुमत से सरकार वहां भी बनेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आम चुनाव में भाजपा की सरकार बनने के बाद राजधानी रायपुर के दक्षिण सीट के लिए उपचुनाव में हुए भाजपा प्रत्याशी को अपने प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी को पाठकनी दे रहे हैं। इरफान शेख और हैरी जोसेफ ने आगे कहा कि देश में 50 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस ने देश को दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी पीछे धकेल दिया था। देश के विकास में कांग्रेस का योगदान नींदनीय रहा है। आजादी के दसको बाद अस्तित्व में आई भाजपा ने देश की चिंता करते हुए राज्यों और केंद्र में सरकार बनाने के साथ पूरी ईमानदारी और सूझबूझ से काम करते हुए अपना जनाधार बढ़ाया है। आज स्थिति ऐसी है कि यह विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था के रूप में जानी पहचानी जाती है। केंद्र में 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार ने जनहितैषी योजनाएं लाते हुए राष्ट्रीय हितैषी योजनाएं लाते हुए दुनिया में भी अपनी शाखा बढ़ाई है। आज भारत सर्वांगीण विकास करते हुए दुनिया में सिरमौर बना हुआ है। विश्व व्यापी कोरोना महामारी के समय भी दुनिया को भारत की जरूरत पड़ी आज भारत विश्व के सबसे शक्तिशाली देश में से एक है और अंतरिक्ष में भी हमारे देश की अच्छी पैठ बन चुकी है।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई

# गांधी परिवार ने देश सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया: भागवत साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 नवबर ।** देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा हर्सोउलास पूर्वक मनाई गई।

शहर में आयोजित इस जयंती कार्यक्रम में प्रखर वक्ता के रूप में जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि आज जो बांग्लादेश का अस्तित्व है। वह श्रीमती इंदिरा गांधी की ही देन है। प्रारंभ में यह पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था। जो मौजूदा पाकिस्तान के कब्जे में था श्रीमती गांधी ने अपने विवेक से इसे अलग देश के रूप में अस्तित्व में लाया। भारतीय सेना को भेजकर उन्होंने बांग्लादेश के रूप में अलग देश बनवाया उसके बाद कई दशक तक बांग्लादेश और भारत के दोस्ताना संबंध बुलाया नहीं जा सकते हैं। श्रीमती इंदिरा गांधी ने महिला उत्थान और किसानों का जीवन स्तर उठाने के लिए भी उल्लेखनीय योगदान दिया देश में जितने भी बड़े बांध है वह सब इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में बनाए गए हैं। जिससे आज तक लाखों किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है। हर साल उनकी फसल लहराती है। और किसानों के घर खुशहाली आती है। पूर्व प्रधानमंत्री के रूप में उनके सुपुत्र राजीव गांधी का भी इस देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। कंप्यूटर क्रांति जो आज हम देख रहे हैं। जिसके बिना कोई भी काम संभव प्रतीत नहीं होता वह राजीव गांधी की ही देना है। श्रीमती इंदिरा गांधी की बहू और राजीव गांधी की धर्मपत्नी श्रीमती सोनिया गांधी ने भी देश की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में लंबे अरसे तक देश को नई दिशा दी उनके बाद श्रीमती सोनिया गांधी के सुपुत्र राहुल गांधी भी आज देश को नई दिशा देने के प्रयास में लंबी-लंबी यात्राएं की। श्रीमती सोनिया गांधी की सुपुत्री और श्रीमती इंदिरा गांधी की पोती प्रियंका गांधी भी देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर चुकी है। इस तरह गांधी परिवार ही एक ऐसा परिवार है। जिसने देश सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बनाई है। ऐसे परिवार को कांग्रेस कभी नहीं भूल सकता और उनका सदैव आभारी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू के साथ जिला अध्यक्ष मोती साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज बांधव, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, महामंत्री मदन साहू अध्यक्ष किसान कांग्रेस,अजय मारकंडे प्रभारी महामंत्री, प्रकाश ठाकुर, सचिव गुलशन कुमार एवं जिला कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित मुख्य रूप से उपस्थित थे।

संपादकीय

# हार के बाद कहते हैं परिणाम स्वीकार्य नहीं

देश की सबसे पुरानी व सबसे बड़ी पार्टी है कांग्रेस,स्वाभाविक है कि उसके नेताओं का अपना एक इगो होता है ।माना जाता है जितनी पुरानी पार्टी होती है, उसका इगो भी उतना ही बड़ा होता है ।जिसका बड़ा इगो होता है, उसके लिए हार को सहज स्वीकार करना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए कांग्रेस हार को सहज स्वीकार नहीं करती है ।वह मानती नहीं है कि उसके प्रत्याशी में कोई कमी



है, उसके चुनाव प्रचार में कोई कमी है,वह नहीं मानती है जो उसका वोटबैंक था, वह दूसरी तरफ शिफ्ट हो गया है। वह हार जाए तो मानती है कि वह तो हार ही नहीं सकती थी, उसे तो गड़बड़ी करके हराया गया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस तीसरी बार बुरी तरह हारी, लेकिन कुछ सीटें बढ़ जाने का जश्न उसने ऐसे मनाया जैसे उसकी बहुमत वाली सरकार बन गई है। यह ठीक है कि भाजपा की बहुमत वाली सरकार नहीं बनी लेकिन एनडीए की तो बहुमत वाली सरकार बन गई ।पिछले एक दो दशक से विपक्ष भाजपा को हराना चाहता है लेकिन हरा नहीं पाता है क्योंकि विपक्ष तो अपनी सीटें जीत जाता है, कांग्रेस ही ज्यादा सीटें नहीं जीत पाती है। लोकसभा चुनाव में विपक्ष के कारण ही सीटें बढ़ी, वर्ना कांग्रेस की सीटें देखी जाए तो वह तो पहले की तरह ४०-५० तक ही सीमित रह गई। लोकसभा चुनाव में उसकी सीटें विपक्ष ने बढाई लेकिन उसको वहम था कि यह तो उसके नेता के कारण हुआ है। राहुल गांधी के कारण हुआ है,कांग्रेस यह तो स्वीकारती है कि राहुल गांधी के कारण उसकी सीटें बढ़ी हैं लेकिन वह यह नहीं स्वीकारती है कि राहुल गांधी में चुनाव जिताने की क्षमता न होने के कारण वह लोकसभा चुनाव ही नहीं विधानसभा चुनाव भी हार जाती है। हरियाणा विधानसभा चुनाव इसका उदाहरण है, माना जा रहा था कि यह चुनाव तो कांग्रेस आसानी से जीत रही है, राहुल गांधी यह चुनाव जिता रहे हैं लेकिन रिजल्ट आया तो पता चला कि राहुल गांधी और कांग्रेस तो जीती हुई बाजी हारने में माहिर हैं। लोकसभा चुनाव में अपनी हार के लिए कांग्रेस ने कहा था कि चुनाव आयोग ने अगर निष्पक्ष चुनाव कराया होता तो कांग्रेस चुनाव हार ही नहीं सकती थी,यानी कांग्रेस ने कहा कि उसे चुनाव आयोग ने हराया है। हरियाणा में भी उसने यही कहा कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव नहीं कराया,कई तरह की शिकायते की जिसे चुनाव आयोग ने निराधार बता दिया। तो कांग्रेस अपनी हार स्वीकारती नहीं है क्योंकि अपनी हार स्वीकार करने का मतलब होता है कि भाजपा ने उसे हराया है,उससे ज्यादा बेहतर ढंग से चुनाव लड़कर हराया है। यानी भाजपा से कांग्रेस चुनाव जीत नहीं पाती है ।इसलिए वह हार को स्वीकार नहीं करती है, उसके लिए कई कारण व बहाने गिनाने लगती है। अब दो राज्यों महाराष्ट्र व झारखंड सहित कई राज्यों में विधानसभा व लोकसभा के उपचुनाव भी हो गए हैं ।२० नवंबर को सभी के लिए मतदान हो गया है ।अब २३ को रिजल्ट आना है ।चुनाव में मतदान से लेकर मतगणना तक हर तरह की गड़बड़ी रोकना उसकी जिम्मेदारी है। रायपुर में उपचुनाव हो रहा है तो उसमें किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए कांग्रेस जो जो सावधानी बरत सकती है, बरत रही है। यानी मतदान उसके नेताओं के समान हुआ है, मतगणना भी उसके नेताओं के सामने होगी ।जो भी गड़बड़ी होनी है, वह कांग्रेस नेताओं के सामने होनी है तो उसे रोकना भी तो उनकी ही जिम्मेदारी है, हमेशा कांग्रेस अपनी कमी खामी पर ध्यान नहीं देती है और हार जाने पर ईवीएम, चुनाव आयोग को दोषी ठहरा देती है ।हमेशा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस हार के कारणों का पता लगाने के लिए समिति का गठन जरूर करती है ताकि पता चल सके कि उसकी हार के हार के क्या कारण हैं लेकिन तात्कालिक से वह हार के लिए अपने को दोषी नहीं मानती है,वह मानती है कि उसे भाजपा हरा नहीं सकती, उसे भाजपा हराती है तो गड़बड़ी करके हराती है ।२०१४ के लोकसभा चुनाव में सत्ता में कांग्रेस थी,चुनाव आयोग पर उसका नियंत्रण था, फिर वह कैसे हार गई क्योंकि भाजपा उसको हरा सकती थी, इसलिए हराने में सफल रही। कांग्रेस अपनी हार न स्वीकारे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि सारा देश जानता है कि चुनाव किसने जीता है और क्यों जीता है और चुनाव कौन हारा है और क्यों हारा है।

जीवन दर्शन

संजीव ठाकुर

# परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत सिद्धांत

यह बात स्वामी विवेकानंद जी ने कही है। यह सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर नवीन मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित ₹सत्यमेव जयते₹ आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे।

आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊजार्वान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है,यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंतःकरण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है। और अंत में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित शक्ति और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है₹ यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवं सर्वकालीन है।

## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के लिए दिन शुभ रहने वाला है। आज राजनीति में कार्यरत लोगों को लाभ की प्राप्ति होगी। इस दौरान आपको कामों में कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। आप किसी फाइनेंस से संबंधित समस्या को लेकर कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं, जो आपको आसानी से मिल जाएगा। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को बिल्कुल न रखें। कार्यक्षेत्र में आपकी किसी से खटपट होने की संभावना है।

वृषभ- वृषभ राशि के जातकों के लिए दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। व्यक्तिगत मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको काम को लेकर सिर दर्द थकान आदि बना रहेगा। आपको यदि किसी प्रकार की कोई गलतफहमी चल रही है, तो आप उसके लिए परिवार के सदस्यों से बातचीत अवश्य करें। परिवार के सदस्यों के प्रति आप अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है।

मिथुन- मिथुन राशि के जातकों के लिए दिन ऊजार्वान रहने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को पूरा ध्यान देना होगा। लव मैरिज कर रहे लोगों को अपने साथी के मनमाने व्यवहार से कुछ समस्या होगी। आपको यदि किसी प्रकार की कोई गलतफहमी चल रही थी, तो आप उसके लिए आमने-सामने बैठकर बातचीत करें, तभी वह दूर होगी। स्वास्थ्य में यदि कुछ गड़बड़ चल रही थी, तो उसके लिए भी आपको ढील देने से बचना होगा।

कर्क- कर्क राशि के जातकों के लिए दिन यश व कीर्ति को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको टेंशन से दूर रहने की आवश्यकता है, जो लोग काम को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपके खान-पान में कुछ गड़बड़ी हो सकती है। आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन वह आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे।

सिंह- सिंह राशि के जातकों को करियर को लेकर यदि कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको कोई निर्णय लेते समय बहुत ही सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि जल्दबाजी के कारण आपसे कोई गड़बड़ी होने की संभावना है। आप अपने साथी से किसी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार मिल सकता है। अपनी सुख सुविधाओं की खरीदारी पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

कन्या- कन्या राशि के जातकों के लिए दिन बढ़िया रहने वाला है। प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई कदम सोच समझ कर उठाएं। कार्यक्षेत्र में लोग आपके कामों की तारीफ करेंगे। आपकी संतान उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको सुझ बुझ दिखा कर अपने कामों को करना होगा। कोई शारीरिक कष्ट यदि लंबे समय से आपको परेशान कर रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपकी अपने सहयोगियों से किसी बात को लेकर बातचीत हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे।

तुला- तुला राशि के जातको के लिए दिन व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई गिफ्ट मिल सकता है। आपका रुका हुआ या डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको सोच व समझदारी दिखाते हुए अपने कामों को करने की आवश्यकता है। नौकरी पेशा लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। बिजनेस कर रहे लोग किसी जरूरी काम को लेकर मीटिंग कर सकते हैं।

वृश्चिक- वृश्चिक राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अच्छी सोच रखनी होगी और यदि आपको स्वास्थ्य से संबंधित कोई समस्या चल रही थी, तो उसे पर भी आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी कानूनी मामले में अनुभवी व्यक्तियों से सलाह मशवरे की आवश्यकता होगी। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई नौकरी से संबंधित खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके दिए गए सुझावों का कार्यक्षेत्र मे स्वागत होगा।

धनु- धनु राशि के जातकों के लिए दिन आपकी लिए निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको समय का सदुपयोग करते हुए आगे बढ़ना होगा। आपको वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना होगा और आप अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखें। किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलनी होगी और आप अपनी दिनचर्या में बदलाव बिल्कुल न करें। आप कोई निर्णय दिल के बदले दिमाग से लें, तभी वह आपके लिए अच्छा होगा। व्यवसाय कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। परिवार में किसी बात को लेकर सदस्यों में यदि अनबन चल रही थी, तो वह दूर होगी।

कुंभ- कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके मनोबल बढ़ने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप किसी काम में बेवजह हाथ डालने से बचें। आपको यदि काम को लेकर कोई समस्या थी, तो वह दूर होगी। आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बना रहेगा, जिसे देखकर परिवार के सदस्य भी नाराज रहेंगे। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं।

मीन- मीन राशि के जातको के लिए दिन किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा, क्योंकि कार्यक्षेत्र में गलतफहमी के कारण कुछ समस्याएं बढ़ सकती हैं, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचें। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा। आप कोई जोखिम भरे काम में हाथ ना डालें और आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर न करें, नहीं तो उसे आपकी समस्या बढ़ेंगी। आप किसी दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करें।

# अंधकार और प्रकाश:एक विवेचन

सुनील कुमार महला

आज हम सभी विज्ञान और तकनीक के युग में जी रहे हैं। सूचना क्रांति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कंप्यूटर का युग है। इस युग में सांस लेते हुए मनुष्य को बहुत बार यह अनुभव होता है कि ईश्वर है या नहीं। विज्ञान ईश्वर को नहीं मानता लेकिन विज्ञान यह जरूर स्वीकार करता है कि इस ब्रह्मांड में कोई तो शक्ति है जो इस संपूर्ण जगत को चलायमान रखे हुए है ।आज की इस दुनिया में बहुत से लोग हैं जो आस्तिक हैं और बहुत से नास्तिक। जो ईश्वर में विश्वास करते हैं वे आस्तिक और जो नहीं करते वे नास्तिक। मनुष्य हमेशा अपने वजूद, अपने अस्तित्व को सुरक्षित बनाए रखना चाहता है और वह अंधेरे में जाने से हमेशा डरता है। अंधेरे का एक खौफ,एक डर उसके मन में हमेशा रहता है। देखा व महसूस किया जाए तो मनुष्य ईश्वर को प्रकाश-स्वरूप मानता है, ईश्वर मनुष्य के लिए 'अंधकार स्वरूप' तो कतई नहीं है। लेकिन 'रौशनी' और 'प्रकाश' क्षणिक है। सूर्य हर रोज उगता है, रौशनी/प्रकाश फैलाता है और सायंकाल को एक समय विशेष पर सूर्य का प्रकाश ढ़ल जाता है और पीछे बचता है तो 'अंधेरा'। वास्तव में, प्रकाश का असली अस्तित्व अंधेरे की गोद में ही है। प्रकाश स्पष्टता लाता है और शून्यता अंधकार है। वास्तव में, सूर्य से पहले और सूर्य से बाद अस्तित्व तो अंधकार का ही है। विज्ञान ने यह साबित कर दिया है कि हर चीज शून्य से ही पैदा होती है। प्रकाश अंधेरे की भांति सर्वव्यापी नहीं है। सर्वव्यापी है तो बस 'अंधेरा'। सच तो यह है कि प्रकाश का अस्तित्व क्षणिक होता है, प्रकाश जलकर खत्म हो जाता है, लेकिन अंधेरा कभी खत्म नहीं होता। प्रकाश कभी-कभी और कहीं-कहीं घटने वाली घटना है। आप आसमान में तारों को देखिए , तारे आसमान में हमेशा छितरे हुए रहते हैं लेकिन शेष अंतरिक्ष हमेशा 'अंधकारमय' रहता है। सारा अंतरिक्ष अंधकार ही तो है, यह शून्य है, असीम है और अनन्त है। यही स्वरूप ईश्वर का भी है। जब हम योग करते हैं तो हम यही तो कहते हैं कि यह चैतन्य अंधकार है। योग करते समय हम अपनी आंखों को बंद करते हैं, एक अलग ही सुकून, शांति का अनुभव करते हैं। हम आंखें मूंदते हैं तो हमें प्रकाश दिखाई देता है। आंखें मूंदकर ध्यान लगाने से हमारी एकाग्रता बढ़ जाती है, और हमारा दूसरी चीजों से ध्यान नहीं बंटता। क्या यह ठीक नहीं है कि जब हम आंखें मूंदते हैं तो हम सृष्टा के थोड़े ज्यादा नजदीक होते हैं। इसलिए इस ब्रह्मांड में हर चीज का अस्तित्व अंधकार से है। अंधकार को हम अक्सर नकारात्मक समझते हैं लेकिन अंधकार नकारात्मक नहीं है, यह अंधकार ही तो है जो हमें सृष्टा के बहुत नजदीक तक ले जाता है। अक्सर बुरी चीजों को भी हम अंधकार से जोड़ते रहें हैं लेकिन यह हमारा भय मात्र होता है,जिसके कारण से हम ऐसा करते हैं। भगवान शिव शाश्वत हैं, क्यों कि भगवान शिव 'अंधकार' हैं। शिव 'प्रकाश' नहीं हैं। शिव हमेशा आंखें मूंदकर ध्यान में लीन रहते हैं। वे योगी हैं ।इसलिए शिव अंधकार की भांति सांवले हैं। अस्तित्व में हर चीज का मूल ही तो ईश्वर है। मनुष्य ईश्वरीय शक्ति पर विश्वास करता है और कभी-कभी नहीं भी। जीवन में जब कभी भी हम दुखी या परेशान होते हैं, अनेक संघर्षों से हमें गुजरना पड़ता है तो हमें लगता है कि ईश्वरीय शक्ति हमारा साथ नहीं दे रही है और हम ईश्वर को बात-बात पर दोष देने लग जाते हैं, लेकिन इसे ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। सबकुछ कर्म पर निर्भर है। कर्म से परे कुछ भी नहीं है। आज मनुष्य कहीं अधिक वैज्ञानिक हो गया है और वह हर बात को वैज्ञानिक दृष्टि से प्रमाणित करना चाहता है। सच तो यह है कि जो बात और तथ्य वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित नहीं होते, मनुष्य उनके अस्तित्व पर ही सवाल खड़े कर देता है और चीजों, तथ्यों को ढकोसला बताता है, लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि मनुष्य आज तक ब्रह्मांड में छिपे असंख्य रहस्यों से पार नहीं पा सका है। ब्रह्मांड के रहस्य आज भी रहस्य ही बने हुए हैं। विज्ञान हालांकि इस जीव-जगत से परे किसी अज्ञात सत्ता के होने को स्वीकार करता है लेकिन ईश्वर के अस्तित्व को नहीं। अंत में यही कहूंगा कि ईश्वर रहस्यपूर्ण और अनंत है। अध्यात्म और योग ही वे माध्यम से जिनकी सहायता से ईश्वर को जाना जा सकता है। चैतन्य अंधकार हमें ईश्वर से साक्षात्कार कराने की क्षमता रखता है, जिस अंधकार को हम नकारात्मक समझते हैं, वास्तव में उसी के मूल में कहीं न कहीं ईश्वरीय शक्ति विद्यमान है।



समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल

# रैगिंग के नाम पर कब तक जूनियर छात्रों के जीवन से होगा खिलवाड़?

आखिर यह रैगिंग कब तक छात्रों के जीवन पर भारी पड़ेगी?दो दिन पहले एक प्रतिभावान एमबीबीएस छात्र को लगातार तीन घंटे तक नाचने के लिए मजबूर करने पर छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई यह ह्रदय विदारक घटना रैगिंग के कलंक के कुप्रभाव को समझने के लिए काफी है। यह बेहद गंभीर दुःखद, निंदनीय और शर्मनाक बात है कि देश में तमाम कड़े कानूनों और सरकारों की कठोर नीतियों के बावजूद शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। देश के किसी न किसी कॉलेज और विश्वविद्यालयों से रैगिंग की घटनाएं सामने आती हीं रहती हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून लागू किया है, मगर देश में रैगिंग के बढ़ते मामलों से यह कानून मजाक बनता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर देश में रैगिंग की कई घटनाएं सामने आयी हैं। ताजा घटनाक्रम में गुजरात और तमिलनाडु में रैगिंग के मामले सामने आए हैं। दुःखद बात है कि गुजरात के पाटन में रैगिंग के कारण एमबीबीएस के छात्र की मौत हो गई है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि 18 साल के जूनियर छात्र को लगातार तीन घंटे तक प्रताड़ित किया गया था। होस्टल में सीनियर्स द्वारा रैगिंग के दौरान कथित तौर पर उसे तीन घंटे तक खड़ा रखा गया। धारपुर मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र अनिल मेथानिया खड़े रहने के कारण बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अनिल की मौत के बाद उसके परिवार ने वरिष्ठ छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया और दावा किया कि इसी वजह से उसकी मौत हुई। धारपुर मेडिकल कॉलेज के डीन हार्दिक शाह ने पुष्टि की कि अनिल बेहोश हो गया था। उन्होंने जानकारी दी है कि पूछताछ के दौरान छात्रों ने खुलासा किया कि घटना के समय वास्तव में परिचयात्मक सत्र चल रहा था। कॉलेज ने कार्रवाई करते हुए 15 छात्रों को सस्पेंड कर दिया है। उधर, तेलंगाना में एक टीचर ने मामूली सी स्टूडेंट के साथ मारपीट की और नाई की दुकान पर ले जाकर उसके बाल मुंडवा दिए। इस घटना की भी जांच के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में पुलिस में भी शिकायत दी गई है। पिछले सप्ताह ही खुलासा हुआ है कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने अपनी जान दे दी थी। यह घटना 27 जुलाई लाई की थी अब इस पर कई सच सामने आये हैं। नोएडा के एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रावास में कनिष्ठ विद्यार्थियों की पिटाई की गई थी। विचित्र है कि यह मामला एक महीने तब तक दबा रहा, जब तक कि एक पीड़ित छात्र ने थाने में शिकायत नहीं दर्ज कराई। स्पष्ट है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के विरुद्ध सख्त नियमों और अदालतों के साफ दिशा- निदेशों के बावजूद नए विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने या उनके खिलाफ हिंसा की खबरें अक्सर आती रहती हैं। कई बार ऐसा लगता है कि सख्त नियम-कायदे के बावजूद रैगिंग करने वाले युवाओं के भीतर कानून का भी न कोई डर है, न उन्हें अपने भविष्य की कोई चिंता है। निचली कक्षाओं के विद्यार्थियों पर रौब जमाना या किसी को प्रताड़ित करना यह बताता है कि कुछ युवाओं में दमन की कुंठित मानसिकता काम करती रहती है। यही कारण है कि रैगिंग रोकने के लिए अलग-अलग राज्य सरकारों ने रैगिंग को लेकर अपने नियम-कानून बनाए हैं। इनमें कारावास से लेकर अर्थ दंड तक के सख्त प्रावधान किए गए हैं। अगर देखा जाए तो रैगिंग की समस्या उच्च शिक्षा जगत से जुड़ी अत्यंत संवेदनशील, सामाजिक समस्या है, जिससे उच्च शिक्षा जगत को पूर्ण रूप से मुक्ति नहीं मिल पाई है। इस समय स देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान इससे मुक्त नहीं हो पाए हैं। रैगिंग एक ऐसा शब्द है जो हर साल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में क्लास शुरू होते ही सुनाई देने लगता है। दुनियाभर में। में हर साल लाखों स्टूडेंट्स को इसका सामना करना पड़ता है। रैगिंग को दुनिया में अलग-अलग नामों से । पहचाना जाता है। इसको हेजिंग, फेगिंग, बुलिंग, प्लेजिंग और हॉर्स प्लेइंग के नामों से भी जाना जाता है। रैगिंग कई कारणों से हो सकती है, जैसे आपकी



त्वचा, नस्ल, धर्म, जाति, प्रजातीयता, जेंडर, यौनिक रुझान, रूप-रंग, राष्ट्रीयता, क्षेत्रीय मूल, आपकी बोली, जन्म स्थान, गृह स्थान या आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण इसमें शामिल कारण हैं। रैगिंग कई अलग-अलग रूप ले सकती है। । उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र किसी अन्य छात्र को उसके काम करने के लिए धौंस दिखाता है या किसी छात्र को कॉलेज समारोह जैसी परिसर की गतिविधियों से बाहर रखा जाता है, तो उसे रैगिंग माना जाता है। मानसिक बोट, शारीरिक दुर्व्यवहार, भेदभाव, शैक्षणिक गतिविधि में व्यवधान आदि सहित छात्रों के खिलाफ रैगिंग के विभिन्न रूपों को कानून दंडित करता है। 90 के दशक में भारत में रैगिंग ने विकराल रूप ले लिया था। इसके बाद 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने पूरे भारत में रैगिंग पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही यूजीसी ने भी रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम बनाए हैं। रैगिंग पर कुछ शिक्षण संस्थानों के अपने नियम हैं। उदाहरण के लिए, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के पास रैगिंग पर दिशा-निदेशों की अपनी एक नियमावली है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में रैगिंग को प्रतिबंधित करने व रोकने के लिहाज से विभिन्न राज्यों ने कानून पारित किए हैं, जो केवल उन संबंधित राज्यों में ही लागू होते हैं। यूजीसी के मुताबिक, एक जनवरी 2023 से 28 अप्रैल 2024 तक अलग-अलग यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा संस्थानों से छात्रओं की 1240 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 1113 यानी 89.76 फीसद का निपटारा किया गया है। शिकायतों का निपटारा सिर्फ काफी नहीं होगा, कसूरवारों को सख्त सजा ज्यादा जरूरी होनी चाहिए। एक सर्वे के अनुसार तो देश के अधिकांश कॉलेजों में करीब 40 फीसदी छात्रों को किसी न किसी रूप में रैगिंग या सीनियर छात्रों द्वारा धमकाने का सामना करना पड़ता है। अभिभावक अपने बच्चों को उनका भविष्य संवारने के लिए शिक्षा संस्थानों में भेजते हैं। मगर यह शिक्षा संस्थान रैगिंग के कारण उनके बच्चे के लिए मौत के कारण बनते हैं। यह अत्यंत हृदयविदारक है। इसलिए देश के सभी राज्यों में रैगिंग को लाकर जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करना चाहिए। सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को, छात्रों के प्रवेश के समय रैगिंग रोकने के उपाय करने चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए यूजीसी विनियमनों 2009 (यूजीसी गाइडलाइंस) को मुद्रित किया जाना चाहिए। साथ ही सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों, जैसे कि प्रमुख, हॉस्टल वार्डन, आदि की जानकारी, साथ ही एंटी रैगिंग हेल्पलाइन का नंबर भी छपना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ एक शपथ पत्र प्रदान करें। छात्रों और अभिभावकों के लिए ये हलफनामे में लिखा होना चाहिए कि छात्र और माता-पिता ने यूजीसी के दिशानिदेशों को पढ़ा और समझा है,वे जानते हैं कि रैगिंग निषिद्ध है और आवेदक किसी भी तरह की रैगिंग में शामिल नहीं होगा, और ऐसे किसी भी व्यवहार में लिप्स पाए जाने पर वह सजा के लिए उत्तरदायी होगा या होगी। अभिभावकों के प्रयास, छात्रों के बीच जागरुकता और शिक्षा संस्थानों के सख्ती से ही रैगिंग जैसे रोग से छुटकारा जा सकती है।

**एक नजर**

## नवीन राजस्व ग्राम गठित करने अधिसूचना जारी

**सुकमा,21 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 73 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जिला सुकमा के तहसील तोंगपाल राजस्व निरीक्षक मंडल तोगपाल के ग्राम कुकानार के पारा बोकड़ाओडार, टांगररास, पेदारास, बोदारास, कुम्हाररास को पृथक से ग्राम पंचायत घोषित किये जाने के फलस्वरूप उक्त पंचायत राजस्व ग्राम नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत क्रमशः कुकानार, बोकड़ाओडार, टांगररास, पेदारास, बोदारास, कुम्हाररास को नवीन राजस्व ग्राम विनिर्दिष्ट गया है तथा कलेक्टर के द्वारा बुधवार 20 नवंबर 2024 पूर्वान्ह को प्रकाशित किया गया है। अधिसूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के भीतर किसी को कोई आपत्ति एवं दावा प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त दावा-आपत्ति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर सिरसिदा में 111 आवेदन प्राप्त, 92 मौके पर निराकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 21 नवम्बर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत सिरसिदा में शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर मांग के 110 आवेदन और शिकायत के 01 इस प्रकार कुल 111 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें 92 आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 19 आवेदनों को संबंधित विभाग को समयावधि में किए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष चारामा श्री अरुण मरकाम, जनपद सदस्य मोतीलाल ठाकुर, श्री लक्ष्मण नाग, श्री सत्कार पटेल, सरपंच श्रीमती डोमेश्वरी, सिरसिदा श्री हेमराज कुटारे, उप सरपंच श्री जीएस कंवर सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान:कमिश्नर

**जगदलपुर 21 नवंबर।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने कहा कि संभाग में की जा रही विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए, सभी स्वास्थ्य केंद्रों, शिक्षण संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली प्रमुख नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर जिला अधिकारी के साथ ही संभागीय अधिकारी की भी जिम्मेदारी मानकर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु अनुशंसा की जाएगी। कमिश्नर बुधवार को आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कमिश्नर श्री सिंह ने समाज कल्याण विभाग के प्रभारी नोडल अधिकारी को विगत समीक्षा बैठक में दिए निर्देश के तहत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण देने हेतु शिविर की तिथि तय करने का पालन नहीं करने पर और कांकेर जिला शिक्षा अधिकारी को न्यौता भोजन का बेहतर क्रियान्वयन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। क्रेडा विभाग के अधिकारी ने नियद नेल्लानार योजना के अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत सातों जिलों में लक्ष्य के आधार पर सोलर ड्यूल पंप की जानकारी दी। कमिश्नर ने नक्सल प्रभावित एरिया और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख सड़कों में सोलर लाईट लगाने की पहल करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के एलडब्ल्यूई, आरआरपी-1 व-2 के स्वीकृत कार्यों की जिलावार समीक्षा करते हुए लंबित शेष कार्यों के कारणों के संबंध चर्चा किए।

## बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन करने पर बल

**जगदलपुर 21 नवंबर।** जिला पंचायत बस्तर के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक के दौरान जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन किए जाने पर बल देते हुए आम जनता को लाभान्वित करने कहा गया। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित किए जाने जोर दिया गया। बैठक में आश्रम-छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा गया। वहीं स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों का रखरखाव करने सहित मरम्मत योग्य पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य किये जाने और ग्रीष्मकाल के पूर्व हैंडपंप संधारण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता के अनुरूप नवीन हैंडपंप स्थापित किए जाने के निर्देश दिये गए।

# शबरी दुग्ध सागर हो रहा खण्डहर में तब्दील

### लाखों का जनरेटर जंगल में कबाड़ में तब्दील, जिम्मेदार अधिकारी अनदेखी कर रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 21 नवंबर।** जिले के पशुपालक किसानों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने शबरी दुग्ध सागर की शुरुआत किया गया। इस रोजगार के लिए लगाई गई मशीन शुरू होने से पहले ही खराब हो गई थी फिर से जिला प्रशासन ने मरम्मत करा कर समिति को सौंप दिया गया लेकिन एक साल के भीतर दूसरी बार मशीनें खराब हो गई जिसके कारण वर्तमान में दुग्ध सागर में ताला जड़ दिया गया है। फिर से खण्डहर होने की संभावना नजर आ रही है। जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट सड़क पर स्थित शबरी दुग्ध सागर में काम लगभग बंद हो चुका है। इसकी शुरुआत 2022 में जिला प्रशासन ने दुग्ध सागर की गई थी।भवन का निर्माण कराया गया उसके बाद 18 लाख 5 हजार की मशीनें खरीदी गईं। लेकिन दूध उत्पादन शुरू होने से पहले ही मशीनें खराब हो गई थीं और कबाड़ में तब्दील हो गई थीं। लेकिन फिर से जिला प्रशासन ने मशीनों की मरम्मत कराई और एक समिति बनाकर सौंप दी ताकि किसान दुग्ध व्यवसाय से जुड़ सके। लेकिन एक साल में ही मशीनें खराब हो गईं और दुग्ध उत्पादन लगभग बंद हो गया। इस समिति में 10 व्यक्ति शामिल है। साथ ही लाखों की कीमत से खरीदी गई जनरेटर जंगल के अंदर कबाड़ की भाव में आराम कर रही है। पहले करीब 500 लीटर दूध की आवक थी। असल में अब मात्र जीरो लीटर ही दूध की आवक है। लोगों ने दूध की सप्लाई बंद कर दी।

# जिला स्तरीय दो दिवसीय बस्तर ओलंपिक-2024 का हुआ शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 21 नवंबर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा बस्तर जिले के अंदरूनी इलाकों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 के रूप में एक अवसर, एक मंच दिया जा रहा है, जिसमें स्थानीय खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा को बेहतर करते हुए बड़े अवसर की ओर बढ़ सकते हैं। इस क्रम में मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान में आज जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 का आगाज हुआ। जिसके तहत खेल मैदान में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के द्वारा दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, कटेकल्याण, गीदम विकासखण्डों के खिलाड़ियों के 100 मीटर दौड़ का प्रारंभ उडन क्लिप बजाकर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल सिक्के के दो पहलू है। हम जब खेल खेलेंगे तो हमारा शरीर तंदुरुस्त रहेगा, जिससे पढ़ाई में भी मन लगा रहेगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में अनुशासन का बहुत ही महत्व है। खेलों से ही अनुशासन सीखने को मिलता है। इसके अलावा उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय पर अच्छा प्रदर्शन करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस क्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री रामूराम नेताम ने कहा कि आप सभी अपनी खेल प्रतिभा को उत्कृष्ट करने हेतु प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहें है। इन खेलों में आप सभी को अपना बेहतर प्रदर्शन करना है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस खेल आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता जरूर मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी सम्पूर्ण खेल आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल खिलाड़ी एवं शैक्षिक प्रशासन को अवगत कराएं ताकि उसका तुरंत निदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बस्तर ओलंपिक के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुस्ती जैसे खेलों में हरियाणा पंजाब एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं केरल राज्य से एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खेलों में देश का नाम रौशन किया है क्योंकि इन राज्यों की आबो हवा इन्हीं खेलों के अनुरूप है। इसे देखते हुए शासन ने भी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे स्थानों को चयन किया है जहां सुविधाएं एवं संसाधनों की कमी है। इसका केवल एक ही उद्देश्य है कि ऐसे क्षेत्रों से भी खिलाड़ी निकल कर आएं जो देश दुनिया में यहां का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आने वाले पांच से दस वर्षों स्थानीय स्तर के खिलाड़ी भी ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, तथा एशियन गेम्स में पदक जितेगें। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा को अधिक से अधिक पदक दिलाएं।

सीईओ जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा ने कहा कि जो खिलाड़ी प्रथम बार इन खेलों में भागीदारी कर रहे है वे इन्ही खेलों में निरंतरता रखें। निश्चय ही उन्हें भविष्य के खेलों में सफलता मिलेगी। इसके अलावा स्थानीय खिलाड़ियों के लिए हर प्रकार के खेल सुविधाएं जुटाने में जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस मौके पर जनप्रतिनिधिगण, सहित जनपद सीईओ, बीओ, खेल अधिकारी एवं पीटीआई, शिक्षक, शिक्षिकाएं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**समाचार संक्षेप**

## ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक हुई



**सुकमा, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी, कोंटा श्री सबाब खान की उपस्थिती में ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई। जिसमे टीबी का राज्य, जिला ओर ब्लॉक स्तर पर मजूदा स्थिति, विभागीय सहयोग, टीबी पर जनजागृती को बढाना पे चर्चा हुई, साथ ही सार्वजनिक स्तर, ग्राम स्तर पर टीबी पर जागरुकता ओर निक्षय मित्र बनकर सहयोग करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा की पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत बनाना है साथ ही साथ पुरे जिले मे टीबी को खत्म करना है। इस मीटिंग में अनिविभागिय अधिकारी शबाब खान , जनपद पंचायत से नेताम, स्वास्थ्य विभाग से बी. डी. एम. गंगी मड़काम, स्वास्थ्य अधिकारी, शिक्षा विभाग से संकुल समन्वयक, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकेश रॉय, एस. टी. एल. एस. सतोष चव्हाण, एस. टी. एस. कुंजाम, पीरामल की जिला टीम से राजेश सोलंकी, अमोल बोरकर प्रोग्राम लीडर सुकमा, लेप्रा संस्था से अमित कुंदू उपस्थित

## मुख्यमंत्री साय को विकास कार्य स्वीकृत कराने आवेदन दिया जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने



**सुकमा 21 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा, जिले में मंगलवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान सर्किट हॉउस मे पुष्प गुच्छ देकर भेंट मुलाक़ात कर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने सुकमा के जन समस्या केरलापाल से पोंगाभेजी मार्ग पर सड़क पुलिया निर्माण, फुलबगड़ी दामापरा मार्ग पर सड़क पुलिया निर्माण, बोरगुडा से पटेलपारा मार्ग पर पुलिया निर्माण, भेलवपाल से उड़ीसा पहुंच मार्ग पर सड़क निर्माण, दामापारा से निलावरम मार्ग पर सड़क निर्माण एवं सुकमा पुसामीपारा में वन पट्टा के सम्बंध में चर्चा किया मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने सभी कार्य को स्वीकृति करने की आश्वासन दिया है साथ मे मौजूद रहे दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, सुकमा मंडल अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डमरू नाग, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय सोढ़ी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष आयता माड़वी, सरपंच जोगा बारसे, पवन नाग, पुर्व पर्षद हुंगा राम मरकाम मौजूद रहे।

## 7 से 8 दिसंबर को जावंगा ऑडिटोरियम में ''दन्तेवाड़ा ऑर्गैनिक कान्क्लैव'' का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 21 नवंबर।** कृषि विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार द्वारा संचालित वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 110 ग्रामों के जैविक प्रमाणित होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के द्वारा ऑर्गैनिक दन्तेवाड़ा कॉन्क्लेव का आयोजन आगामी 7 से 8 दिसंबर को जावंगा ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिले में 65279 हेक्टयर भूमि जैविक प्रमाणित की गई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को एक महोत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य यह भी है कि ''लॉर्ज एरिया सॉर्टिफिकेषन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत यह देश का सबसे बड़ा जैविकप्रमाणी क्षेत्र है इस विशेष अवसर पर जिले के जैविक कृषकों के परिश्रम का सम्मान तो होगा ही साथ ही संभावित बाजार सहभागिता के साथ सहयोग को बढ़ावा एवं पड़ोसी जिलों में जैविक खेती के विस्तृत प्रसार को प्रोत्साहन देना है। जलवायु परिवर्तन और कृषि संबंधित चुनौतियों के मौजूदा परिप्रेक्ष्य में दंतेवाड़ा के कृषकों के जैविक खेती करने के दिशा में यह परिवर्तन एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस ''कान्क्लैव'' को विराट स्वरूप देते हुए इसमें राष्ट्रीय स्तर के जैविक खेती के विशेषज्ञ और अन्य क्षेत्रों के सफल कृषक भी शामिल होगें।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने ली वन अधिकार, वन सुरक्षा समितियों की बैठक

**उत्तर बस्तर कांकेर,21 नवंबर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष श्री अंतर सिंह आर्य (केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त) की अध्यक्षता में आज वन अधिकार मान्यता समिति, वन सुरक्षा समिति, लघु वनोपज सहकारी समिति एवं पेसा के सदस्यों की बैठक लेकर आयोग के क्रियाकलाप की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित सदस्यों से जनजातीय विकास, मांग व समस्याओं के संबंध में सुझाव आमंत्रित कर उनसे फीड बैक लिया गया। बैठक में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग तथा कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम उपस्थित थे। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर आयोजित बैठक में आयोग के अध्यक्ष श्री आर्य ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों का जल, जंगल, जमीन से अटूट रिश्ता है, इसे सहजने तथा संरक्षित करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति के पूजक जनजातीय आदिवासियों को उनके हित और सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर शासन की लोक हितकारी योजनाओं का लाभ जरूर लेना चाहिए। श्री आर्य ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार आदिवासियों को वास्तविक लाभ दिलाने के लिए आयोग द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों और समितियों के सदस्यों से प्रतिक्रिया ली जा रही है। उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत अथवा सुझाव के लिए आयोग की वेबसाइट अथवा टोल फ्री नंबर 1800-11-7777 पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके पहले, सांसद श्री नाग ने विभिन्न समितियों के सदस्यों को संबोधित करते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लेने का आहवान करते हुए जनजातीय कल्याण हेतु संचालित कार्यक्रमों व अभियानों के प्रति जागरूक होने की अपील की।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए सतत कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित कांकेर विधायक श्री नेताम ने कहा कि अनुसूचित जनजाति बाहुल्य कांकेर जिले के आदिवासियों को संकोच का त्याग कर अपने सुझाव व विचार निर्भीक होकर व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र आदिवासी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए, किन्तु इसके लिए उन्हें स्वयं जागरूक होना होगा। बैठक में उपस्थित विभिन्न समिति के सदस्यों ने आयोग के अध्यक्ष के समक्ष अपने सुझाव एवं मांगें रखीं। इस अवसर पर आयोग के उपनिदेशक श्री राकेश कुमार दुबे, निज सचिव श्री राजीव सक्सेना, अनुसंधान अधिकारी श्री पी.के. दास एवं जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी उपस्थित थे।

## मल्टी स्टारर फिल्म तीजा के लुगरा-2 का शुक्रवार से 38 से अधिक सिनेमाघरों में प्रदर्शन




**रायपुर 21 नवंबर।** वी आर फिल्म नागपुर के बैनर तले बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तीजा के लुगरा 2 का टीज़र रिलीज़ हो चुका है और दर्शकों द्वारा इसे खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म में सुपरस्टार करन खान और प्रकाश अवस्थी की जोड़ी नजर आयेंगे निर्देशक विजय गुमगांवकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में भरपूर पारिवारिक मनोरंजन का तड़का लगाया गया है। फिल्म में रश्मि देवांगन, कल्याणी तापसे, रिंकू रज़ा, पुष्पेंद्र सिंह, उर्वशी साहू, पवन गुप्ता, संतोष निषाद, संजू साहू, पायल साहू, लता राही, खुशी गुमगांवकर, करीम खान और शांतनु जैसे कई मशहूर कलाकार अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। फिल्म के गीत डॉ. पीसी लाल यादव और मौनी लाला ने लिखे हैं, जबकि संगीत सुनील सोनी ने दिया है। गानों को विलास राउत और दिलीप बैस ने कोरियोग्राफ किया है। फिल्म तीजा के लुगरा 2, 22 नवंबर को प्रदेश के 38 सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है। फिल्म का वितरण शिवम् इंटरप्राइजेज और लकी रंगशाही कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता राजन सूर्यवंशी और कुंदन मार्कर का कहना है कि फिल्म में हर वर्ग के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास है। उन्हें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को खूब फिल्म का टीज़र रिलीज़ होने के बाद से ही दर्शकों में इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता है।

# डबल इंजन की सरकार ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने में नाकाम

■ **शासन ने नल जल कनेक्शन तो दिया लेकिन नल है पर जल नहीं**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 21 नवंबर।** दंतेवाड़ा जिले में आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेय जल की भारी समस्या है आज भी ग्रामीण शुद्ध पेयजल की इंतजार में है आप को बता दें कि दंतेवाड़ा से बैलाडीला की मुख्य सड़क से लगे भांसी ग्राम पंचायत में कई घरो में नल जल कनेक्शन तो दिया गया है लेकिन नल तो है पर उस नल में आज तक जल नही पहुचा है। योजना भले ही अधूरी हो परंतु विभाग व प्रशासन नल जल योजना की तारीफ करते नहीं थक रहा लेकिन सच्चाई यह है कि आज भी मुख्य सड़क हो या ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार पानी की समस्या से परेशान हैं आज भी कही पानी की टंकिया अधूरी है तो कही सोलर हैंड पम्प का कार्य अधूरा है इसके वावजूद नल जल योजना के विभाग के अधिकारियों के प्रति जिला प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम अब तक नही उठाया गया है योजना के निर्माण कार्य में भी सवाल खड़े हो रहे है जल नल कनेक्शन में डी आई पाईप की जगह पी सी सी पाईप का उपयोग किया जा रहा है जिस्से पाईप कई जगहों पर छतिग्रस्त हो रहा है।

# चीफ जस्टिस ने न्यायालयीन आवासीय परिसर का किया वर्चुअल उदघाटन

■ **बस्तर जिले के जिला न्यायालयों में आधारभूत संरचनाओं के उन्नयन के लिए छ0ग0 उच्च न्यायालय विभिन्न प्रयास कर रहा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने शाखा पोस्ट ऑफिस जिला न्यायालय परिसर दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के न्यायाधीश आवास तथा न्यायालयीन कर्मचारी कॉलोनी का वर्चुअल उदघाटन किया। उक्त कार्यक्रम में जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा पोर्टफोलिया जज दंतेवाड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुये। इस मौके पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधन करते हुए कहा कि छ0ग0 उच्च न्यायालय द्वारा सम्पूर्ण राज्य में जिला न्यायालयों की आधारभूत संरचनाओं के उन्नयन हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। न्यायिक अधिकारी एवं न्यायिक कर्मचारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उपलब्ध कराये गये आवास को उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से रखें, ताकि उनके बाद आने वाले न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी उचित स्थिति में आवास प्राप्त हो सके। इसके अलावा न्यायालय परिसर में शाखा पोस्ट ऑफिस खुलने से न्यायालय में आने वाले पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को पोस्ट ऑफिस से संबंधित सेवाओं के लिये कहीं और नहीं जाना पड़ेगा और उन्हे न्यायालय में ही उक्त सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता ने जानकारी दी कि जिला बीजापुर में न्यायिक अधिकारी हेतु 01 ई-टाईप एवं न्यायिक कर्मचारियों के लिये 05 जी-टाईप, 10 एच - टाईप, 08 आई-टाइप के गुणवत्तापूर्ण आवास निर्मित किये गये है। चीफ जस्टिस के सतत मार्गदर्शन एवं अभिनव विचारों का ही यह परिणाम है कि दंतेवाड़ा जिला न्यायालय को एक कम्पोजिट बिल्डिंग के रूप में परिवर्तित होकर उसमें पोस्ट ऑफिस जैसी कई महत्वपूर्ण एवं आवश्यक जन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जो कि उनका आम व्यक्तियों को न्याय के साथ-साथ आवश्यक जन कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के प्रति संवेदनशील होने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। चीफ जस्टिस के प्रभावी एवं कुशल नेतृत्व के कारण ही अधोसंरचना के विकास का कार्य तीव्रता से हुआ है।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा श्री विजय कुमार होता, जिला अधिवक्ता संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष श्री के0के0 देवांगन, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, प्रभारी पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा श्री राजनाला स्मृतिक, कलेक्टर बीजापुर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण, प्रथम जिला न्यायाधीश प्रवीण कुमार प्रधान, न्यायाधीश परिवार न्यायालय हरीश कुमार अवस्थी, द्वितीय जिला न्यायाधीश दीपक कुमार देशलहरे, एफ0टी0सी0 न्यायाधीश शैलेश शर्मा, विशेष न्यायाधीश नक्सल कोर्ट शान्तनु कुमार देशलहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा डी0पी0 सिंह दांगी, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शान्ति प्रभू जैन, डिप्टी डायरेक्टर अभियोजन ए0बी0 गुरू, पी0डब्लू0डी0 एस0डी0ओ0 भुआर्य, पोस्ट ऑफिस अधिकारी प्रशांत कुमार दास, एवं समस्त न्यायिक कर्मचारी तथा मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

# मूलवासी बचाओ मंच पर प्रतिबंध लगाना स्वागत योग्य कदम,नक्सलियों की कमर टूटी:फ़ारूख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मूलवासी बचाओ मंच पर प्रतिबंध लगा दिया,मूलवासी बचाओ मंच पर ये कहते हुए सरकार ने प्रतिबंध लगाया है कि यह संगठन केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा विकास के लिए बनाये जा रहे कैंपो के निर्माण में बाधा डालना एवं जनता को उकसा कर विरोध करवाती है।सरकार द्वारा लगाये प्रतिबंध पर खुशी ज़ाहिर करते हुए समाज सेवी फ़ारूख अली ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा के मूलवासी बचाओ मंच देश विरोधी एवं बस्तर के विकास विरोधी कार्य कर रही थी। फ़ारूख ने कहा मैंने मुख्यमंत्री के नाम सुकमा एसपी को भी इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने ज्ञापन दिया था। फ़ारूख ने कहा मूलवासी बचाओ मंच नक्सलियों का शहरी विंग है जिसका काम कैंप निर्माण का विरोध करना विकास कार्यों मे बाधा डालना है। फ़ारूख अली ने कहा मूलवासी बचाओ मंच के पदाधिकारी बीजापुर में नक्सलियों के नोट बदली करते हुए भी पकड़े गये थे इससे साबित होता है के मूलवासी बचाओ मंच का नक्सलियों से गहरा नाता है। फ़ारूख अली ने तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगते ही पुलिस द्वारा मूलवासी बचाओ मंच के सदस्य रामबाबू की गिरफ़्तारी पर पुलिस को बधाई दी है। फ़ारूख अली ने कहा के बीजापुर के रघु के ख़लिफ़ भी जल्द कार्यवाही होनी चाहिए,आगे उन्होंने कहा सरकार से अपील है मूलवासी बचाओ मंच के सदस्यों द्वारा नक्सलियों के पैसे के पकड़ाये जाने के मामले को संज्ञान मे लेते हुए पूर्णतः संगठन पर प्रतिबंध लगाया जाये ताकि बस्तर मे शांति बनी रहे एवं बस्तर विकास के नये आयामों को छुए।

# बस्तर के युवा देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं:विजय शर्मा

## बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय आयोजन में पहुंचे उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री श्री विजय शर्मा एवं राजस्व तथा खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचकर बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। मंत्रियों के आगमन पर पारंपरिक गौर नृत्य और बीजापुर के सुप्रसिद्ध मद्देड़ बाजा से भव्य स्वागत किया।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने गौर मुकुट पहनकर बीजापुर के पारंपरिक नृत्य पर जमकर थिरके, मंत्री द्वारा जिला प्रशासन के विभागीय योजना पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया जिसमें जिला पंचायत के स्टॉल में आवास दिवस के थीम पर आधारित केक हितग्राहियों के हाथों कटवाया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को उनके नए घर की प्रतीकात्मक चाबी भेंट किया गया। बीजादूतीर कार्नर में



स्वयंसेवकों से आवश्यक चर्चा की गई और शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदारी निभाने पर उनका उत्साहवर्धन किया गया। महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल में मंत्रियों एवं अतिथियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं मंत्री द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किया गया। वहीं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को सफलता की कहानी का प्रदर्शन बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के स्टॉल पर किया गया जिनका अवलोकन मंत्रियो द्वारा की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने खिलाड़ियों के उत्साह को देख प्रफुल्लित नजर आए और भव्य आयोजन को देख युवाओं में नया जोश भरा उनके साथ सेल्फी एवं फोटो सेशन कराया।बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिक विद्यालय, बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी एवं कन्या शिक्षा परिसर की मनमोहक प्रस्तुति को उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जमकर तारीफ की। वहीं रायपुर के टीम द्वारा बीजापुर एवं बस्तर में नक्सलियों के कायराना हरकत से किस प्रकार निर्दोष ग्रामीणों को पीड़ा और तकलीफ उठाना पड़ रहा है उनको जीवंत चित्रण किया गया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा द्वारा ध्वजारोहरण कर खेल का शुभारंभ किया गया, खेल भावना से खेलने के शपथ दिलाई गई एवं कबड्डी, व्हालीबाल खेलो का टॉस करके खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच रस्साकसी का मुकाबला हुआ जिसमें पुलिस विभाग विजेता बने। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक के आयोजन पर गोण्डी में बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीजापुर के खिलाड़ियों में जबरदस्त प्रतिभा है आज बीजापुर के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य और भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे है। हम ऐसा अवसर प्रदान करेंगे कि राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर और भी सफलता हासिल करें। बस्तर अब उड़ान भरना चाहता है यहां के युवा देश दुनिया में पहचान बनाना चाहता है। अब बीजापुर और बस्तर के युवा विकास का सपना देख रहे हैं, चहुमुखी विकास चाहते हैं जिसे पूरा करना हमारा दायित्व है। भटके हुए लोगो से हम अभी भी अपील करते हैं मुख्य धारा में लौटे और विकास में अपना योगदान दें।

## एक नजर

### सांसद बृजमोहन ने लिया मुनिश्री सुधाकर से आशीर्वाद



**रायपुर 21 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर के लोकप्रिय आठ बार के विधायक व वर्तमान में रायपुर लोकसभा से सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने श्री मगन लाल जी अरविंद जी अग्रवाल के निवास अवंति विहार में सपत्नीक आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी के दर्शन कर आशीर्वाद लेते हुए सेवा उपासना की। जानकारी देते हुए वीरेंद्र डागा ने बताया कि उपरोक्त अवसर पर मुनिश्री ने कहा कि पद यात्रा साधु चर्या का अभिन्न अंग है। पद यात्रा से आध्यात्मिक उन्नयन का कार्य होता है। चातुर्मास की परिसंपन्नता के साथ ही जैन साधु साध्वियों की पद यात्रा प्रारंभ हो जाती है। मुनिश्री ने सांसद बृजमोहन जी को पद यात्रा के संदर्भ में जानकारी देते हुए नैतिकता, सदभावना, चारित्रिक मूल्यों के विकास की रायपुर शहर में और सुगंध फैले उसके लिए विशेष प्रकाश डाला एवं श्री अग्रवाल की लोकप्रियता व व्यवहार कुशलता की प्रशंसा की। सासंद महोदय ने कहा कि चातुर्मास आध्यात्मिकता की नई दिशाएं उद्घारित करता है। मुनिश्री ने रायपुर शहर में आध्यात्म की गंगा बहाई है। इनके प्रवचनों से जनता विशेष लाभान्वित हुई है। इस अवसर पर नमित जैन, डॉ. आशीष जैन आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### जिला ट्रेलर मालिक कल्याण संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**रायगढ़, 21 नवम्बर।** जिला ट्रेलर मलिक कल्याण संघ के सदस्यों द्वारा 21 नवंबर को सुबह 6 बजे से पूंजीपथरा चौक में हड़ताल किया जा रहा है। जिसमें शारदा माइंस, अदानी माइन्स, अंबुजा माइंस और गारे पेल्मा से गाड़ी मालिको को लगातार कम भाड़ा दिया जा रहा है जिसमें गाडियों की किस्त निकलना भी बहुत मुश्किल है आज रायगढ़ जिले का सबसे बड़ा काम अगर है तो इन्हीं तीन चार निजी खदानों में ही रह गया है लेकिन इन खदानों के भाड़े इतने कम है की उन भाडो में गाड़ी चलाना मुश्किल है, इसके साथ.साथ अदानी के ट्रांसपोर्टर के द्वारा बाहर जिलों और बाहरी प्रदेश से कम भाड़े में गाडिया अपना काम करवाया जा रहा है और उससे बात करने पर रायगढ़ की गाडियों की जरूरत नहीं है यह जवाब उसके द्वारा दिया जाता है।

# सिविल अस्पताल कुरुद कई वर्षों से चल रहा बीमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 21 नवंबर।** विधानसभा क्षेत्र में बडे बडे होर्डिंग लगाकर कुरूद के विकास की गाथा का प्रचार करने वाले जनप्रतिनिधि जरा नगर के जमीनी हालात से रूबरू होते तो कुरूद का अलग ही तस्वीर होता लोग परेशन होकर दूसरे शहर की ओर पलायन नहीं करते बात कुरूद नगर के सिविल अस्पताल कुरूद की हो रही है जो विगत कई वर्षो से बीमार चल रहा है । 05 वर्ष पहले 100 बिस्तरो वाले अस्पताल का अन्य माध्यम से खूब वाहवाही लूटी गई किन्तु धरातल पर अभी तक कही अता पता नहीं है । विकास पुरूष कहे जाने वाले पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वर्तमान विधायक अजय चंद्राकर के गृह नगर के शासकीय अस्पताल सिविल अस्पताल कुरुद जो विगत कई वर्षो से स्वयं बीमार चल रहा है । सप्ताह भर पहले इस अस्पताल में एक्स रे मशीन खराब होने के चलते एक्स रे सुविधा नहीं मिलने और यहाँ के पैथालॉजी में सभी सुविधाओं और जाँच सामग्रीयाँ होते हुए भी कुछ हि जाँच होने जैसे कई सुविधाओं को लेकर समाचार प्रकाशित कर आमजनों को जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सके इस ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया गया था लेकिन अभी तक इन सुविधाओं के सुधार के



लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है ।जिसको लेकर क्षेत्रवासियों का कहना है कि विकास पुरूष विधायक है पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास के नाम पर कोई अनोखा कार्य हुआ हो ऐसा प्रतीत नहीं होता है । दिन ब दिन इस अस्पताल के व्यवस्था में लचरपन नजर आता है । क्षेत्रवासियों ने ये भी आरोप लगाया कि यहां स्थानीय नेताओं के संरक्षण में वर्षो से जमे अधिकारी है जो तानाशाही होकर बेखौफ रूप से जनता के स्वास्थ्य को दांव में रखकर मनचाहे तरीके से अपने लाभ के कार्यों को करवा रहे और घर से ही ओपीडी का संचालन कर रहे है । इस अस्पताल में न कोई स्त्री रोग विशेषज्ञ और अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता है । विश्वस्त सूत्रों से पता चलता है कि स्थान्तरण से आने वाले चिकित्सकों को लंबे समय से जमे चिकित्सक द्वारा कुरुद में राजनीतिक दबाव बहुत होने का डर दिखाकर आने वाले चिकित्सकों का मन परिवर्तन करवा दिया जाता हैं। उच्च अधिकारियों को चाहिए कि स्वास्थ्य जैसे गंभीर विभाग को लेकर सख्त होकर कार्य करे ताकि छत्तीसगढ़ का नाम स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी रहे ।

## समाचार संक्षेप

### स्कूली बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढाने पार्षद ने बांटी खेल सामग्री



**बीजापुर 21 नवंबर।** इन दिनों बीजापुर नगरपालिका के पार्षद जितेंद्र हेमला अपने वार्ड के अलावा नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न शालाओं मे बच्चों को खेल के लिए प्रेरित करने खेल सामग्री का वितरण कर रहे है इसी क्रम मे आज शांति नगर मे संचालित ब्लेसिंग इंग्लिश मीडियम स्कूल पहुंच कर बच्चों से भेंट की एंव बच्चों को खेल सामग्री भैंट किया जिसमें फुटबॉल क्रिकेट किट रस्सी कूद गोला .तावा बैडमिंटन किट लूडो आदि शामिल है खेल सामग्री पाकर स्कूली बच्चे बेहद प्रंसन्न दिखे तथा पार्षद का आभार जताया इस अवसर पर विधालय के शिक्षक शिक्षिकायें भी मौजूद रही।

### जिला स्तरीय रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**फिंगेश्वर 21 नवंबर।** जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पी एम श्री उत्कृष्ट हिंदी मध्यम गरियाबंद में आयोजित किया गया जिनमें जिले के चयनित छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता हर्षिता सिन्हा ,सेजेश छुरा, प्रथम, यशोदा साहू द्वितीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा तृतीय भावना कंवर शासकीय हाई स्कूल पोंड ,निबंध प्रतियोगिता में रोशनी साहू ,सेजेस छुरा,प्रथम ऐश्वर्या साहू द्वितीय, सेजेस गरियाबंद, सानिया गोस्वामी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड ,को जिला शिक्षा अधिकारी सारस्वत सर द्वारा पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर जिला सांख्यकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ए पी सी केला सर जिला क्रीड़ा अधिकारी उत्तम नेताम वंदना पांडे प्राचार्य पीएम श्री उत्कृष्ट हिंदी मध्यम स्कूल गरियाबंद, ज्ञानेंद्र शर्मा ,संध्या ठाकुर ,सतीश मालवीय ,ईश्वरी शर्मा, कविता सिन्हा,आभा साहू और जिले से आए हुए मार्गदर्शक शिक्षक की उपस्थिति सराहनीय रहा यह प्रतियोगिता जनजाति गौरव दिवस पर जनजाति नायकों की भूमिका एवं सामाजिक स्तर पर उनके महत्व पर आधारित था जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा लेखन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन रंगोली के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया सभी बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी ने संबोधित किया और जनजाति महत्व के विषय में बच्चों को अवगत कराया और उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला ।

### खेल स्पर्धाओं में बालिकाओं ने उत्साह से लिया भाग



**फिंगेश्वर 21 नवंबर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक विकासखंडो में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त कलेक्टर एवं,प्रभारी खेल अधिकारी खेल युवा विभाग कल्याण गरियाबंद खलको मेडम के निर्देशानुसार आयोजन किये जा रहे हैं इसी तारम्य में दिनांक 18 नवंबर को फनेश्वरनाथ कॉलेज मैदान पर विकासखंड फिंगेश्वर के महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुए ।इस प्रतियोगिता को दो आयु समूह में बांटे गए थे,9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष के आयु समूह में । विजेता प्रतिभागियों को पुरष्कृत किये गए ।खेल में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार से है -9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर में प्रथम -यमुना ध्रुव द्वितीय- महेश्वरी ध्रुव ,400 मीटर दौड़ में प्रथम -दुर्गा ध्रुव, द्वितीय - त्रामनी निषाद ,तवा फेंक में अनुराधा प्रथम, द्वितीय- यामिनी ध्रुव , खो -खो में जामगांव प्रथम कोशमखुटा द्वितीय रहा, रस्साकशी में प्रथम -कौंदकेरा द्वितीय बासीन रहा इस प्रकार 18 से 35 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नोमीन ध्रुव प्रथम द्वितीय- हनीता ,400 मीटर दौड़ में नोमिनी ध्रुव द्वितीय हनिता ध्रुव ,तवा फेंक में प्रथम हनिता ध्रुव,द्वितीय चांदनी साहू रहे । खो खो में जामगांव प्रथम, श्यामनगर द्वितीय रहे,रस्साकशी में प्रथम- -राजिम,द्वितीय-जामगांव, बैडमिंटन में प्रथम-चाँदनी साहू,द्वितीय-वेदलता साहू,वॉलीबॉल में श्यामनगर की टीम विजय रहे । इस प्रकार जो प्रतिभागी या टीम प्रथम रहे वे आगामी जिला स्तरिय महिला खेलकूद प्रतियोगिता जो गरियाबंद में आयोजित होगा ,वंहा भाग लेंगे इस आयोजन को सफल बनाने में ब्लॉक नोडल प्रभारी हरिश्चंद्र निषाद ,व्यायाम- शिक्षक बुध लाल नेगी,रूप नारायण निर्मलकर चंद्रहास साहूऔर रेवती ध्रुव का सहयोग रहा उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

# विकास कार्यों से ही होगी जिले की पहचान, सभी स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र करें प्रारंभ-वित्त मंत्री

**रायगढ़, 21 नवम्बर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चल रहे निर्माण कार्यो एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, एसपी श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में समीक्षा करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय हो। सभी के समन्वित प्रयास से जिले के बेहतर विकास की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ में स्वीकृत सभी छोटे-बड़े निर्माण कार्य जिनका टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उसका निर्माण कार्य शीघ्र चालू करायें। ताकि विकास कार्यों के माध्यम से जिले की पहचान बन सके और लोगों को लंबे समय तक इनका लाभ मिलता रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्पोर्ट्स, पर्यावरण, सौंदर्यीकरण, सड़क, शहरी विकास, रोजगार आदि से जुड़े प्रोजेक्ट चिन्हांकित करें और इन्हें बजट में शामिल कराते हुए कार्ययोजना बनाकर पूर्ण कराएं। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप गुड गवर्नेंस स्थापित करना है जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पहुंचे।

वित्तमंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने निर्माण कार्यों में संलग्न विभागों से जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, मुख्यमंत्री सड़क योजना जैसे विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने जिले में अगले माह होने वाले अग्निवीर भर्ती की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबध में जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टर श्री गोयल के निर्देशन में विभागीय अधिकारियों को दिए गए दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। ताकि अग्निवीर भर्ती सफलता पूर्वक संपन्न हो सके और सैन्य क्षेत्र के माध्यम से युवाओं को देश सेवा करने के अवसर प्राप्त हो सके। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही जीर्णोद्धार के आवश्यकता वाले स्कूलों का प्राक्कलन बनाकर भेजने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने कहा कि आवास से लोगों के जीवन में बदलाव आता है। इस कार्य में पैसे की कोई कमी नहीं होगी। प्रधानमंत्री आवास निर्माण शासन की महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, यह कार्य टॉप प्रायोरिटी में होना चाहिए, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अन्यथा जिम्मेदारों पर कार्यवाही होगी। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन लोगों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस दिशा में संबंधित अधिकारी बेहतर कार्य करें। जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे सभी कार्यों को जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें। काम की गुणवत्ता में समझौता या किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। जिसमें जिले के अधिकाधिक बच्चे लाभान्वित हो यह सुनिश्चित किया जाए।

# हितग्राहियों से केक कटवा कर मनाया गया विश्व शौचालय दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 21 नवंबर।** 19नवंबर को विश्व शौचालय दिवस पर जिले में धूम धाम से मनाया गया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक जिले में हमारा शौचालय, हमारा सम्मान थीम पर समस्त ग्राम पंचायतों तथा स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों,आश्रम शालाओं में शौचालय के रख रखाव एवं उपयोग के लिए ग्रामीणों ,छात्र छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि इस 22 दिवसीय हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन हेतु जागरूक किया जाएगा स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र आश्रम शालाओं में निर्मित शौचालयों का निरीक्षण कर आंकलन के आधार पर मरम्मत ,नवीन स्वीकृति प्रदान कर लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जाएगा इस अभियान के दौरान श्रमदान से सफाई, नवीन पात्र हितग्राहियों के लिए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान किया जाएगा।जिला पंचायत सभाकक्ष में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान की शुभारंभ पर हितग्राहियों से केक कटवा कर विश्व शौचालय दिवस मनाया गया ।



### रायगढ़ के बेटे अक्षज दत्त शर्मा एनडीए के लिए चयनित

**रायगढ़, 21 नवम्बर।** देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की प्रवेश परीक्षा में रायगढ़ के प्रतिभाशाली युवा अक्षज दत्त शर्मा ने सफलता हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। परीक्षा में देशभर से 6 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। अक्षज ने इसमें 32वां स्थान प्राप्त किया। उनका चयन सबसे कठिन एयर फोर्स विंग के लिए हुआ है। अक्षज जिंदल स्टील एंड पॉवर में कार्यरत हितेश दत्त शर्मा एवं श्रीमती कविता शर्मा के पुत्र हैं। अक्षज जनवरी 2025 में एनडीए ज्वाइन करेंगे और पुणे के पास खडक़वासला स्थित केंद्र से अपने प्रशिक्षण की शुरूआत करेंगे। इससे पहले उनका चयन प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज आरआईएमसी, देहरादून के लिए हुआ था। वे यहां चयनित होने वाले देशभर के 25 विद्यार्थियों में से छत्तीसगढ़ से इकलौते सफल उम्मीदवार रहे थे। आरआईएमसी से पहले अक्षज ने सातवीं कक्षा तक ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ में शिक्षा हासिल की थी। उनके पिता हितेश दत्त शर्मा, जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ संयंत्र में इलेक्ट्रिकल पॉवर सिस्टम डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं एवं माता श्रीमती कविता शर्मा होम मेकर हैं। देश से बेहद प्यार करने वाले अक्षज का बचपन से ही सपना भारतीय सेना से जुडक़र देश की रक्षा करने का था। वे वायुसेना से जुडक़र भारत माता की सेवा करना चाहते थे और अपनी मेहनतकृलगन के दम पर वे वायुसेना के लिए चयनित होने में सफल रहे। माता.पिता ने भी शुरू से ही इस सपने को पूरा करने में हर कदम पर साथ देते हुए उन्हें पूरा प्रोत्साहन दिया। एनडीए में चयन से वे अभिभूत हैं। अक्षज बचपन से ही बेहद प्रतिभाशाली रहे हैं। ओपी जिंदल स्कूल में अध्ययन के दौरान नर्सरी से कक्षा-6 के बीच उन्हें कई पुरस्कार हासिल हुए हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में शौर्य यात्रा एवं मातृ गोष्ठी का आयोजन

■ बालिका शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 21 नवंबर।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर शौर्य यात्रा एवं मातृ गोष्ठी (माता-पुत्री विचार गोष्ठी) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शशि प्रभा थिटे (सेवानिवृत्त प्राचार्य), कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), विशेष अतिथि राजेश्वरी सोनी (प्राध्यापक, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय), विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता की छायाचित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की शिशु कक्षा से द्वादश तक के 65 छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई की वेशभूषा में शोभा यात्रा निकाली, जो विद्यालय से शुरू होकर शास्त्री चौक, सिविल लाइन, गांधी चौक, नेहरू चौक, बरोंडा चौक होते हुए वापस विद्यालय में आकर शोभा यात्रा हुई।

शोभायात्रा की पश्चात मुख्य अतिथि शशि प्रभा थिटे ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई ने बचपन से साहस के साथ जीना सीखा। बचपन में उन्हें मनु के नाम से



जाना जाता था, बचपन से शस्त्रों के साथ खेलना, तलवार चलाना, घुड़सवारी उनके परिवार से सीखा। भारत की महिलाएं, बेटियां सब कुछ कर सकती है। जिस तरह रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी को अंग्रेजों से बचने के लिए पूरी वीरता के साथ आखिरी सांस तक युद्ध किया आज के समय में रानी लक्ष्मीबाई का नाम इतिहास बन गया है, उनसे प्रेरणा आज के समय में हर महिलाओं,बालिकाओं को बेटियों को मिल रही है, और उनमें साहस और शौर्य पराक्रम की भावना जागृत हो रही है। विशेष अतिथि के रूप में राजेश्वरी सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रानी लक्ष्मी बाई की वेशभूषा में आज बालिकाओं में रानी लक्ष्मीबाई जैसा बनने की लालसा है उनकी वीरता का गुण के कारण आज के समय में भारत की हर बेटियां उनके जैसा बनना चाहती है। रानी लक्ष्मीबाई ने अपने कंठ में मां सरस्वती को विराजित किया, जिससे बचपन से ही उनमें युद्ध के गुण आ गए थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही संध्या शर्मा ने रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी पर एक स्वरचित कविता पाना नहीं जीवन को बदलना साधना है प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या एवं बालिका शिक्षा प्रांतीय प्रमुख मनोज साहू ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्यबलराम सेन, आचार्य दुर्गेशनंदिनी चंद्राकर, अनुराधा चंद्राकर, तारणी गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, सरोजनी

# महतारी वंदन योजना की राशि और दान से बनवा रहे हैं रामलला का मंदिर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 21 नवम्बर।** आमतौर पर केंद्र या राज्य सरकार की योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि का उपयोग लोग अपने विकास के लिए करते हैं लेकिन सारंगढ़ ब्लॉक की ग्राम दानसरा की महिलाएं कुछ अलग ही कर रही हैं। यहां पिछली हनुमान जयंती में भंडारे के दौरान कुछ महिलाओं ने चर्चा की ...कि हनुमान जी के मंदिर के साथ ही यहां भी उनके आराध्य प्रभु रामलला का एक भव्य मंदिर बनना चाहिए।

अयोध्या में रामलला विराजित हैं लेकिन यहां भी उनका एक मंदिर होना चाहिए। देखते ही देखते यह बात जोर पकड़ने लगी, महिलाओं ने कहा कि सभी लोग अयोध्या नहीं जा सकते। यहां रामलला का मंदिर बनेगा तो सभी लोग दर्शन कर सकेंगे। महिलाओं ने सुझाव रखा जो महतारी वंदन की राशि मिल रही है उसी से अंशदान किया जाए या फिर पूरी राशि इस काम में लगा दी जाए। इसके साथ ही यह अभियान के रूप में शुरू हो गया।

### मंदिर निर्माण शुरू, ढलाई का काम अभी बाकी

खास बात यह है कि महिलाएं पूरी लगन के साथ इस काम में जुट गई है। निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया गया है, इसका काफी हिस्सा बनकर तैयार भी हो चुका है। महिलाएं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस मंदिर का लोकार्पण करने की इच्छुक हैं। वर्तमान में मंदिर की ढलाई, गुंबद, सीढ़ी तथा प्लास्टर का कार्य शेष है। इस तरह महतारी वंदन योजना की राशि, राम मंदिर निर्माण का आधार स्तंभ साबित हुई है। इस कार्य में राधा मोहन साहू, चमेली शर्मा दिल कुंवर चौहान, नमिता शर्मा, हीराबाई राव, सुशीला मिश्रा, संतोषी गोस्वामी, रंभा मालाकार, सोनिया चौहान और अन्य महिलाओं के वृहद संगठन का विस्तार हो रहा है।

### शुरू में एकत्र किए 14 हजार रुपए

इस विचार को साकार करने के लिए आपस में गांव की महिलाओं से संपर्क किया गया और सभी महिलाएं अपनी इच्छा अनुरूप महतारी वंदन योजना की राशि का कुछ अंश या समूची राशि को इस मंदिर निर्माण के लिए दान कर रही है साथ ही साथ महिलाओं का यह दल, मंदिर निर्माण के लिए चंदा के रूप में अन्य दान दाताओं से भी संपर्क कर रही है। अन्नदान से मिले चांवल को बेचने पर 14 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है।

## राधा कृष्ण मंदिर समिति के नए पदाधिकारियों का हुआ चयन



**सिमगा, 11 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज नगर के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में नगरवासियों की बैठक आयोजित किया गया था जंहा मंदिर समिति के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष रेखलाल सोनकर (लोचन) उपाध्यक्ष भास्कर निषाद कोषाध्यक्ष माधव माली सह कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य पांडे सचिव नितिन जायसवाल सहसचिव राजू सोनकर सर्वराकार मनराखन सोनकर संरक्षक सूर्यकांत ताम्रकार सहित विशेष पदाधिकारियों में जीवराखन सोनकर शिव देवांगन सीताराम सोनकर भागवत सोनकर घनश्याम सोनकर आनंद कसेर एवं सदस्यों में योगराज देवांगन राज पांडे सोनु सोनकर राहुल तम्बोली परमेश्वर सोनकर देवेन्द्र सोनकर भोला सोनकर राधे सोनकर भागी सोनकर रवि टुकेश मयंक टुकेश शीतल चुने गए।

## एक नजर

### आयुष सिंह बने छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव

**भाटापारा, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी



कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने अपने कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रदेश सचिव रहे जिला बलौदा बाजार भाटापारा में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आयुष सिंह को अपना प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ की स्थिति छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ में लगातार मजबूत हो रही है क्योंकि वर्तमान में प्रदेश महामंत्री पदमेश कुंदन शर्मा कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जिला रायपुर सक्रिय रूप से संगठन को मजबूत बनाने में लगातार कार्य कर रहे हैं। आयुष सिंह के प्रदेश सचिव बनने से संगठन का विस्तार और मजबूत होगा।

### पार्षद यदु ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं का किया सम्मान



**भाटापारा, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रामसागर वार्ड में पार्षद व्यास यदु के द्वारा भाटापारा के 31 वार्ड के समस्त आंगनबाडी कार्यकर्त्ता/सहायिका का सम्मान दिवस मे गुलाल, नारियल का भेंट कर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित सभी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं का सम्मान किया।

### राजू यादव बने खोखली सोसायटी के अध्यक्ष



**भाटापारा, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजू यादव को खोखली सोसायटी के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, उन्होंने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छग पूर्व विधायक भाटापारा शिव रतन शर्मा का अभार व्यक्त किया उसकी नियुक्ति पर ग्राम खोखली बोडतरा टिकुलीया ढाबाडीह पेंड्री के किसानों में हर्ष है।

### जिला पुलिस ने किन्नर हत्याकांड का 48 घंटे के भीतर किया गया पर्दाफाश, किन्नर मठ की प्रमुख बनकर, लीडरशिप करने की इच्छा हत्याकांड की मुख्य वजह

# काजल किन्नर की हत्या के आरोप में पांच गिरफ्तार

- 18 नवम्बर को ग्राम ढाबाडीह के पास एक बंद पडे पत्थर खदान में एक किन्नर की मिली थी लाश
- मृतका की हत्या करने के लिए कुल 12 लाख रुपए में सुपारी किलर से हुआ सौदा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 नवम्बर।** शव मिलने की सूचना- 18 नवम्बर को सूचना मिली कि थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढाबाडीह के पास एक बंद पड़े खदान के पानी में एक महिला की लाश तैरती हुई मिली है, की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचा एवं शव को पानी से निकालकर उसकी जांच पंचनामा करवाई किया गया। इस दौरान शव की विधिवत जांच पर से शव से ?500-500 की तीन गड्डी में कुल डेढ़ लाख रुपये मिला, जिसे विधिवत जप्त किया गया है। इस दौरान शव का एवं संपूर्ण घटनास्थल का वैज्ञानिक अधिकारी के माध्यम से विधिवत जांच तस्दीक करवाया गया, जिसमें शव को किसी धारदार हथियार से गले, आदि में घातक वारकर मृतक की हत्या करना पाया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 865/24 धारा 103, 238 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शव का पोस्टमार्टम, जांच कार्यवाही में शव किसी किन्नर का होना पाया गया।

**शव की पहचान के संबंध मे पुलिस टीम की कार्यवाही-** इस दौरान पुलिस टीम द्वारा शव के संबंध में जानकारी जुटाना प्रारंभ किया गया जिसमें शव, ग्राम जोरा जिला रायपुर निवासी का होना पाया गया। मृतिका का नाम काजल है, जिसकी थाना तेलीबांधा जिला रायपुर में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा मृतिका एवं घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाना प्रारंभ किया गया, साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम ने घटना के संबंध में जानकारी जुटाया जा रहा था।

हत्याकांड की मुख्य वजह किन्नरों के निवास भवन जोरा रायपुर में सभी किन्नर एक साथ रहते हैं, जिसमें आरोपी तपस्या किन्नर, मुंबई महाराष्ट्र से आकर रह रही है तथा मृतिका काजल लोकल रायपुर की थी। हत्या की मुख्य आरोपी तपस्या किन्नर मठ की प्रमुख बनना चाहती थी, इसके लिए उसके रास्ते की सबसे बडी चुनौती काजल



थी, इसलिए काजल को रास्ते से हटाने के लिए उसके द्वारा पूरी प्लानिंग की गई थी।

मठ प्रमुख बनने की चाहत में आरोपी तपस्या द्वारा निशा के साथ मिलकर, काजल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई गई। माह सितंबर 2024 में गणेश उत्सव के दौरान काजल की हत्या करने की नीयत से तपस्या किन्नर द्वारा पैसा इकट्ठा कर कुल ?12 लाख रूपये निशा श्रीवास को दिया गया। योजना में निशा श्रीवास द्वारा अपने ड्राइवर हिमांशु बंजारे से हत्या करने के लिए एक सुपारी किलर को 06 लाख रुपए नगद दिया गया, किंतु बाद में पता चला कि वह सुपारी किलर किसी अन्य मामले में जेल चला गया है। इसी बीच काजल की हत्या करने के लिए दो अन्य सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीप से सौदा किया गया। इसी बीच घटना दिनांक के 02 दिन पूर्व आरोपिया निशा श्रीवास अपने ड्राइवर हिमांशु बंजारे के साथ घटनास्थल ग्राम ढाबाडीह के पास पत्थर खदान को देखने भी आई।

**हत्या की घटनाा-** योजना अनुसार दिनांक 17 नवम्बर को सायं 05.00 बजे लगभग निशा श्रीवास द्वारा काजल को चलो मेरे किसी पहचान वाले से ?3 लाख लेना है, जिसमें से बंटवारा में डेढ़ लाख रुपये तुम रख लेना यह बहाना कर काजल को अपनी आर्टिका कार से बलौदाबाजार की ओर ले जाया गया। उसके पीछे-पीछे सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीप मोटरसाइकिल से आ रहे थे। फिर आर्टिका कार को ग्राम अमेरा के पास रोककर पीछे से आ रहे कुलदीप एवं अंकुश से पैसे लेने की एक्टिंग करते हुए ?3 लाख लिया गया, जिसमें से डेढ़ लाख रुपये काजल ने अपने पास रख लिया। इसके बाद अर्टिगा कार में बैठे हुए सभी लोग (ड्राइवर हिमांशु, मृतिका काजल एवं आरोपी निशा किन्नर) घटनास्थल पहुंचे, इस समय अंधेरा हो चुका था। इसके पीछे सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीपक बाईक से घटनास्थल पहुंच गए। फिर निशा श्रीवास एवं हिमांशु, काजल को छोड़कर कार सहित वहां से भाग गए। तब सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीप द्वारा काजल को धारदार चाकू से मार कर उसका शव पत्थर खदान में फेंक दिया गया।

**पुलिस टीम की कार्यवाही-** पुलिस टीम द्वारा सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा पूर्व में चले आ रहे, वाद-विवाद एवं लड़ाई झगड़ा के कारण मृतिका की सुपारी किलर के माध्यम से हत्या करवाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में पुलिस द्वारा 10.50 लाख नगदी, एक आर्टिका कार, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं धारदार चाकू बरामद किया गया है। प्रकरण में सभी 05 आरोपियों को आज 19 नवम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### आरोपियों के नाम

1. तपस्या किन्नर उर्फ मोहम्मद इमरान भोईर उम्र 36 साल निवासी किन्नर भवन जोरा थाना खम्हारडीह रायपुर जिला रायपुर
2. निशा श्रीवास किन्नर उम्र 51 साल निवासी धरमपुरा सरकारी स्कूल, तालाब, अमर पैलेस के पास रायपुर जिला रायपुर
3. हिमांशु बंजारे उम्र 28 साल निवासी मंदिरहसौद कुरुद जिला रायपुर
4. कुलदीप कुमार कुरील उम्र 29 साल निवासी राजा तालाब शिव मंदिर गली थाना सिविल लाइन रायपुर जिला रायपुर
5. अंकुश चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी शिव चौक रजातालाब रायपुर थाना सिविल लाइन रायपुर जिला रायपुर

## जनजातीय गौरव दिवस पर निबंध,रंगोली स्पर्धा



**छुरा, 21 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पी एम उत्कृष्ट हिंदी मध्यम गरियाबंद में आयोजित किया गया जिनमें जिले के चयनित छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें रंगोली प्रतियोगिता हर्षिता सिन्हा, सेजेश छुरा, प्रथम, यशोदा साहू द्वितीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा तृतीय भावना कंवर शासकीय हाई स्कूल पोंड, निबंध प्रतियोगिता में रोशनी साहू, सेजेस छुरा, प्रथम ऐश्वर्या साहू द्वितीय, सेजेस गरियाबंद, सानिया गोस्वामी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड, को जिला शिक्षा अधिकारी सारस्वत सर द्वारा पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर जिला सांख्यकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ए पी सी केला सर जिला क्रीड़ा अधिकारी उत्तम नेताम वंदना पांडे प्राचार्य पीएम उत्कृष्ट हिंदी मध्यम स्कूल गरियाबंद, ज्ञानेंद्र शर्मा, संध्या ठाकुर, सतीश मालवीय, ईश्वरी शर्मा, कविता सिन्हा, आभा साहू और जिले से आए हुए मार्गदर्शक शिक्षक की उपस्थिति सराहनीय रहा यह प्रतियोगिता जनजाति गौरव दिवस पर जनजाति नायकों की भूमिका एवं सामाजिक स्तर पर उनके महत्व पर आधारित था जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा लेखन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन रंगोली के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया सभी बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी ने संबोधित किया और जनजाति महत्व के विषय में बच्चों को अवगत कराया और उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

# खड़ी माजदा को यात्री बस ने ठोंका, हादसे में कुछ यात्री घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 21 नवम्बर।** मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राज्य मार्ग रायपुर बिलासपुर में सिमगा से पांच किलोमीटर दूर ग्राम बनसांकरा ओवरब्रिज में आज सुबह 5 . 30 बजे अंबिकापुर की ओर से आ रही पापुलर बस सर्विस की बस क्रमांक सी जी 15 एन 8086 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर सड़क किनारे खड़ी माजदा वाहन को पीछे से जबरदस्त ठक्कर मार दिया जिससे यात्री बस के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं माजदा चालक परिचालक एवं बस में बैठे कुछ यात्रियों को सामान्य चोटें आई है। सूचना मिलने पर घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा लाया गया। जहां घायलों का उपचार पश्चात छुट्टी कर दी गयी है। घटना के बाद बस चालक एवं परिचालक मौके से फरार है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग में बनसांकरा चंदेरी दामाखेड़ा विश्रामपुर ओवरब्रिज में एक तरफ की स्ट्रीट लाइट हमेशा बंद रहता है जिसके चलते नेशनल हाईवे में वाहन चालकों को ठंड के दिन में कोहरे के कारण सामने का दृश्य ठीक से दिखाई नहीं देता। जिसके कारण चालकों को वाहन चालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते मार्ग में आवागमन करने वाले राहगीरों को हमेशा जान का खतरा बना रहता है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411092100003**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्- 2024-2025

डोंगरगढ़ (प.ह.नं. 00025),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- बृजरतन भैया,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बृजरतन भैया पिता स्व. श्री राधा किशन भैया निवासी गोल बाजार डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम एवं स्वामित्व की कृषि भूमि पटवारी हल्का नम्बर 25 ग्राम डोंगरगढ़ में खसरा नम्बर 66 रकबा 2.347 हेक्टेयर भूमि स्थित है। आवेदक ने अपने उक्त भूमि पर इस वर्ष टेक्टर द्वारा जुताई कर अरहर एवं सोयाबीन की फसल बोआई की थी जो अधिक बारिस में नष्ट हो गई जिस पर आवेदक ने न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के समक्ष भूमिका गिरदावली कर प्रमाण पत्र की मांग का आवेदन पत्र दिनांक 31/08/2020 को प्रस्तुत किया था। श्रीमान् तहसीलदार ने आवेदन पत्र के आधार पर हल्का पटवारी से मौके का प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया जिस पर हल्का पटवीर ने मौका जा कर दिनांक 08/09/2020 को स्थल निरीक्षण, पंचनामा तैयार करते हुए न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ को अपना प्रतिवेदन दिनांक 17/09/2020 को प्रस्तुत किया था। आवेदक द्वारा पूर्व में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ के न्यायालय में प्रस्तुत किया था जो स्वास्थगत कारण से उपस्थित नहीं होने के कारण दिनांक 25/02/2021 को अदम पैरवी में नस्तीबद्ध किया गया। न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ द्वारा हल्का पटवारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दिनांक 12/10/2020 को रा.प्र.क्र. 214121 वर्ष 2019-20 पंजीबद्ध करते हुए उसी दिनांक को प्रकरण के आदेश पत्र में आवेदन पत्र में गिरदावली प्रमाण पत्र दिया जाना संभव ना होने का उल्लेख कर आवेदन निरस्त कर दिया है। हल्का पटवारी के पतिवेदन एवं न्यायालय तहसीलदार के आदेश पत्र से यह ज्ञात हुआ कि आवेदक के भूमि स्वामित्व हक की भूमि खसरा नम्बर 66 के खसरा पांचसाला के कालम नम्बर 12 में भूमि पर त्रुटिपूर्वक खुटापारा तालाब दर्ज किया गया है। उक्त इन्द्राज त्रुटिपूर्ण किया गया है जिसका प्रमाण स्वयं पटवारी प्रतिवेदन एवं पंचनामा तथा तहसीलदार महोदय के आदेश पत्र दिनांक 12/10/2020 में ही स्पष्ट है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किया गया पंचनामा एवं स्थल निरीक्षण रिर्पोट में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि मौके में तालाब में पानी नहीं है तथा पानी आने का कोई साधन भी नहीं है तथा भूमि में टेक्टर की जोताई कर सोयाबीन एवं राहर की फसल बोई गई है। आवेदक के स्वामित्व हक की उक्त कृषि भूमि में कैफियत कालम क्रमांक 12 में किसने, कब खुटापारा तालाब किस प्रावधान के अंतर्गत दर्ज किया है का उल्लेख भी नहीं है और ना ही किसी के हस्ताक्षर है तथा मौके पर तालाब भी नही है। आवेदक के भूमि स्वामित्व हक की पटवारी हल्का नम्बर 25 ग्राम डोंगरगढ़ स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 66 रकबा 2.347 हेक्टेयर के खसरा पंचनामा के कैफियत कालम नम्बर 12 में त्रुटिपूर्ण दर्ज 'खुटापारा तालाब' को हटाकर त्रुटि सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 27.11.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 08/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

कमल किशोर साहू
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202410092200003**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2024-2025

खोलारघाट (प.ह.नं. 00026),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अनुपम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अनुपम पिता मुलचंद जाति गोंड सा. वार्ड नम्बर 19 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खोलारघाट प.ह.न. 26 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 83 में ख.न. 2/4 रकबा 1.4170 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 1.4170 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में अनुपम पिता मूलचंद, दीपिका मरकाम पिता मूलचंद, सीमा उईके पिता मूलचंद, वन्दना मरकाम पिता मूलचंद, उषा उईके पति मूलचंद सभी जाति गोंड सभी सा. खोलारघाट के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है।

अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.11.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202410092200004**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2024-2025

खोलारघाट (प.ह.नं. 00026),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अनुपम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अनुपम पिता मुलचंद जाति गोंड सा. वार्ड नम्बर 19 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खोलारघाट प.ह.न. 26 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 7 में ख.न. 48 रकबा 4.977 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 4.977 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में उषा उईके पति मूलचंद, अनुपम पिता मूलचंद, दीपिका पिता मूलचंद, सीमा पिता मूलचंद, वन्दना पिता मूलचंद, सभी सा. वार्ड नम्बर 19 डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.11.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202410092200005**

विषय:- अ-74
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2024-2025

खुर्सीपार (प.ह.नं. 00026),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अनुपम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूबित किया जाता है, कि आवेदक अनुपम पिता मुलचंद जाति गोंड सा. वार्ड नम्बर 19 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खुर्सीपार प.ह.न. 26 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 1 में ख.न. क्रमशः 25, 52, 70, 101, रकबा क्रमशः 2.5290, 1.524, 0.0890, 0.2510हे. कुल ख.न. 04 कुल रकबा 4.393 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में उषा उईके पति मूलचंद, अनुपम पिता मूलचंद, दीपिका पिता मूलचंद, सीमा पिता मूलचंद, वन्दना पिता मूलचंद, सभी सा. वार्ड नम्बर 19 डोंगरगढ़ के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है. जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.11.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमति कांता ब्राम्हणकर पति श्री रमेश कुमार ब्राम्हणकर ने दिप्ती सोंलकी एवं पुष्पा सोंलकी पिता मोहन लाल सोंलकी के ग्राम राका तहसील डोंगरगढ़ के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नं. 233,234/1 रकबा 0. 0360, 0.0280 हेक्टेयर को हमेशा-हमेशा के लिए क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि देकर अनुबंध पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया है जिसका मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष है जिस कारण जिस किसी व्यक्ति संस्था बैंक फर्म की उपरोक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी प्रकार का हित व अधिकार हो तो वे इस इस्तहार प्रकाशित होने के सप्ताह के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे निम्न लिखित कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समय अवधि के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करने के पश्चात कोई आपत्ति प्रस्तुत की जावेगी तो वह अवैध एवं शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी

सो सूचना जाने।

स्थान :- डोंगरगढ़
दिनांक:-19/11/2024

कार्यालय का पता
जसवंत बागड़े
अधिवक्ता
थाना चौक कचहरी रोड
डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मो. नं. 9300230726, 9424111705

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
**जोन क्रमांक-1, संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी**
**E-mail:- rmczone1@gmail.com**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र./42/न.पा.नि./जोन क्र. 1/2024 — रायपुर, दिनांक 20/11/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलंबद निविदायें एस.ओ.आर दर के आधार पर दो लिफाफा पद्धति में दिनांक **06/12/2024** तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 01. में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक **28/11/2024** शाम 4:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा करने उपरांत दिनांक **29/11/2024** को निविदा प्रपत्र जारी किये जायेंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक **09/12/2024** को दोपहर 12.00 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

**प्रथम आमंत्रण सूचना**

| क्र. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित व्यय (लाख में) | अमानती राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र | समयावधि | एस.ओ.आर. /अन्य पंजीयन | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | | 8 |
| 1 | यतियतन लाल वार्ड क्र. 04 भनपुरी कामगार शेड निर्माण कार्य, छटवां तालाब के पास में न.पा.नि. रायपुर | विधायक निधि | 4.00 | 6000.00 | 750.00 | A | 04 माह | PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments | ई- रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |
| 1 | यतियतन लाल वार्ड क्र. 04 भनपुरी रंगमंच निर्माण कार्य, दर्री तालाब के नीचे न.पा.नि. रायपुर | विधायक निधि | 3.00 | 4500.00 | 750.00 | A | 03 माह | PWD Building SOR 01.01.15 & Ammendments | ई- रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर |

निविदा की शर्तेः-
1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-01, से प्राप्त की जा सकती है एवं वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर

एक नजर

## सुशासन दिवस में भाग लेने प्रतिनिधिमण्डल पहुंचने लगे

**रायपुर, 21 नवम्बर (मुख्य नगर संवाददाता)।** सुशासन दिवस में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमण्डल आज नई राजधानी पहुंचने लगे हैं। इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए मुख्यमंत्री भी पहुंच जाएंगे। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर एक पृथक विभाग गठित किया गया है। इसका काम शासकीय कार्य में शुचिता लाना है इसलिए राज्य शासन में भी सुशासन विभाग का गठन किया गया है जिसके प्रभारी मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत हैं। राजधानी के एक निजी होटल में सुशासन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय प्रवक्ता के अनुसार इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिकारी अपना वक्तव्य देंगे। इस कार्यक्रम में केंद्र शासन के कार्मिक एवं प्रशासन मंत्री जितेन्द्र सिंह सहित अनेक अधिकारी भाग लेंगे।

## अजय तिवारी बने अध्यक्ष



**रायपुर, 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग संस्था की आम सभा की बैठक में निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। अजय तिवारी अध्यक्ष रायपुर, कुंजबिहारी मिश्रा उपाध्यक्ष बिलासपुर, बी. सिद्दीकी महामंत्री रायपुर, अमित दास सह-मंत्री जगदलपुर, जीवराखन लाल देवांगन कोषाध्यक्ष छुरी करेबा, कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत कुमार घोष धमतरी, बद्रीप्रसाद बॉम्बी बस्तर, जया द्विवेदी रायगढ़, नरेन्द्र जाधव तिल्दा-रायपुर हैं। उपरोक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष अजय तिवारी ने दी।

## दो तस्करों से 6.35 लाख का गांजा जब्त

**रायपुर, 21 नवम्बर।** लंबे समय बाद अब रायपुर रेल मंडल की आरपीएफटीम ने गांजा तस्करों को पकड़ने में सफलता हासिल की है. जबकि रायपुर रेल मंडल से निकलने के बाद कई दिनों से गांजा तस्करों को नागपुर रेल मंडल की टीम ने पकड़ा था. हालांकि पिछले दिनों भिलाई सीआईबी ने भी एक गांजा तस्कर को पकड़ने में सफ्लता हासिल की थी।

# रेडी टू ईट का ठेका दो वर्ष के लिए बढ़ाया गया

### निजी कंपनी के ठेके को लेकर भाजपा विधायकों ने उठाए थे सवाल, सरकार बदलने के बाद भी उसी कंपनी को ठेका देना चर्चा का विषय

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 21 नवम्बर।** कांग्रेस शासनकाल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित रेडी टू ईट योजना को लेकर भाजपा विधायकों ने बवाल मचा दिया था। लेकिन भाजपा के सत्ता में आते ही यह काम दिल्ली स्थित फर्म को पुनः दे दिया गया। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार गरीब बाों को पोषण आहार देने के लिए महिला स्वसहायता समूह को पूर्व में रेडी टू ईट का काम दिया गया था। बाद में दिल्ली से उा राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते यह काम एक निजी कंपनी को दे दिया गया। इस कंपनी द्वारा रायगढ़ में एक संयंत्र भी स्थापित किया गया था। शासन की इस नीति के कारण महिला स्वसहायता समूहों को काम मिलना बंद हो गया और बड़ी संख्या में महिलाएं खाली बैठ गईं। जिसको लेकर भाजपा विधायकों ने विधानसभा में मुद्दा उठाया था। भाजपा विधायकों का आरोप था कि यह काम महिला एवं बाल विकास विभाग का है लेकिन नियम विरुद्ध इसे बीज विकास निगम को दिया गया है जो कि अनुचित है। इस पर कांग्रेस की तत्कालीन महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया था।

### लक्ष्मी राजवाड़े की घोषणा कागजी

भाजपा के सत्ता में आते ही यह मामला पुनः विधानसभा में आया। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने घोषणा की थी कि यह ठेका तत्काल रद्द किया जाएगा। इस पर भाजपा विधायकों ने मंत्री की कार्यप्रणाली को लेकर उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित किया था। इस संबंध में कृषि मंत्री रामविचार नेताम से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह काम महिला एवं बाल विकास विभाग का है। जबकि ठेका बीज विकास निगम द्वारा दिया गया था। यह विभाग कृषि मंत्री के अधीन आता है।

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री सूरजपुर जिले की हैं। वे अभी अपना जन्मदिवस मनाने अपने क्षेत्र में गईं हैं। मीडिया द्वारा बार-बार यह मामला उनके संज्ञान में लाया गया लेकिन उनका कहना था कि यह काम अधिकारियों का है।

### ठेका बढ़ाने के लिए उच्च स्तरीय राजनीतिक प्रयास

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार रेडी टू ईट का ठेका बढ़ाने के लिए दिल्ली से ही उच्च स्तरीय प्रयास किया गया। फिलहाल इसी कंपनी द्वारा रेडी टू ईट की आपूर्ति की जा रही है। भाजपा विधायकों का आरोप था कि इस कंपनी को ठेका दिलाने में कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी का हाथ था लेकिन भाजपा की सत्ता में आते ही इस ठेके की अवधि पुनः बढ़ा दी गई है जो कि आश्चर्य का विषय है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस योजना का संचालन किया जा रहा था। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा हस्तक्षेप कर इसे नियम विरुद्ध बीज विकास निगम के माध्यम से एक कंपनी को दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि सत्ता आती-जाती रहती है लेकिन पहुंच वाले अपना काम करा लेते हैं। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास के अधिकारी जहां मौन साधे हुए हैं वहीं बीज विकास निगम के अधिकारी भी कोई जवाब नहीं दे रहे हैं।

# सम्पत्ति कर वसूलने बड़ी कार्रवाई की तैयारी में निगम

**रायपुर, 21 नवम्बर।** इस साल नगर निगम में 500 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूली की कवायद शुरू हो चुकी है. इसी के चलते जहां घर-घर दस्तक देकर 1 लाख ऐसी प्रॉपर्टी जिसका मूल्यांकन नहीं हो पाया है, उनको डिमांड नोटिस थमाई जाएगी. वहीं वाट्सअप चैटबॉट और मैसेज के जरिये टैक्स की सूचना देने के लिए तकरीबन 1 लाख 42 हजार संपत्ति मालिकों के स्मार्टफोन मोबाइल नंबर अपग्रेड करने का काम शुरू कर दिया गया है. इधर बड़े बकायादारों पर सख्ती के आदेश के बाद निगम जोन-10 कमिश्नरी ने 4 बड़े बकायादारों की प्रॉपर्टी सील कर दी.

जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के मुताबिक जोन 10 के तहत वार्ड क्रमांक 56 के टैगोर नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर गोविंद एल्युमिनियम के प्रोपराइटर महेश नारवानी के व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को नगर निगम ने 10 लाख 47 हजार 196 रुपये बकाया होने एवं बकाया अदा न किये जाने पर सीलबंद कर दिया. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 50 के महावीर नगर पुरैना क्षेत्र में प्रोपराइटर अजय क्षेत्रे के व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर 6 लाख 17 हजार 254 रुपये बकाया राशि जमा नहीं करने पर प्रतिष्ठान को सीलबंद कर दिया गया. इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 56 के श्यामनगर क्षेत्र में प्रोपराइटर अनिल बजाज के व्यवसायिक परिसर को 6 लाख 93 हजार 132 रुपये का बकाया अदा न करने पर सीलबंद किया गया. इस दौरान संबंधित भवन स्वामी ने नगर निगम से बकाया राजस्व की अदायगी करने 3 दिन का समय मांगा. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 52 के क्षेत्र के अंतर्गत प्रोपराइटर श्रीमती ज्योति शर्मा के आनंद रेस्टोरेंट को नगर निगम का 5 लाख 78 हजार 368 रुपये बकाया टैक्स नहीं देने पर सीलबंद कर दिया गया।

### स्वसहायता समूह की मदद से सर्वे

शहर में लगभग 1 लाख ऐसी प्रॉपर्टी जिसका मूल्यांकन नहीं हो पाया. उसका सर्वे करने के लिए नगर निगम अपने कर्मचारियों के अलावा अब स्वसहायता समूहों से मदद ले रहा है. निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा के मुताबिक इन स्वसहायता समूहों के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे का काम शुरू हो चुका है. जोन के राजस्व निरीक्षकों को कम से कम 50-50 घर का लक्ष्य एक-एक दिन के लिए दिया गया है.

# बिजली कर्मचारी के घर में लाखों की चोरी



**रायपुर, 21 नवम्बर।** राजधानी के डूंडा इलाके में दिमागदार चोरों ने दरवाजे में लगी कुंडी को अलग अंदाज में काटकर आसानी से घर में प्रवेश किया. घर में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात के साथ एक लाख रुपए नगदी चोरों ने साफकर दिया.

मामला मुजगहन थाना क्षेत्र का है, जहां कांकेर में बिजली विभाग में पदस्थ कमर्चारी राधेश्याम प्रेमी का घर है. कर्मचारी की पत्नी अपने बच्चों के साथ पति से मिलने कांकेर गई थी, इस बीच रात के अंधेरे में चोरों ने घर के दरवाजे में लगे एप्पल वाली कुंडी को काटकर अंदर प्रवेश किया. घर में रखे करीबन साढ़े पांच लाख रुपए के जेवर और एक लाख रुपए नगद को पार कर दिया.

बताया गया कि पत्नी और बच्चे 17 नवंबर को पति से मिलने कांकेर गए थे. 19 नवंबर को लौटने पर दरवाले में लगी कुंडी के टूटा देख अंदर घर जाकर देखा तो गहने और नगद गायब थे. मुजगहन थाना प्रभारी आशीष राजपूत ने बताया कि मामले एफ्आईआर दर्ज कर लिया गया है. सूने मकान को देखकर चोरों ने अपना निशाना बनाया है. आस-पास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूछताछ जारी है.

# संसद में अग्रवाल ने उठाई थी रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल बनाने की मांग



**रायपुर, 21 नवम्बर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के लगातार प्रयासों से राजधानी रायपुर के विकास में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट अब इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने जा रहा है। केंद्र ने रायपुर से सिंगापुर और दुबई के लिए डायरेक्ट फ्लाइट्स की मंजूरी दे दी है। बृजमोहन अग्रवाल काफी समय से रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल बनाने की मांग करते आ रहे थे। उन्होंने संसद में भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया था और रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया था। इस पहल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को बढ़ाना और राज्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू का आभार जताया। उन्होंने कहा, यह कदम न केवल छत्तीसगढ़ की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को गति देगा, बल्कि राज्य को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और व्यापार का केंद्र बनाने में सहायक होगा। यह छत्तीसगढ़ के उवल भविष्य की दिशा में एक मील का पत्थर है। रायपुर एयरपोर्ट से विदेशों के लिए डायरेक्ट फ्लाइट्स शुरू होने से छत्तीसगढ़ के उद्योग, व्यापार, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्रों में नई संभावनाएं उत्पन्न होंगी। यह राज्य की प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

स्वागत



**रायपुर, 21 नवम्बर।** कैट सी.जी चैप्टर ने सांसद चांदनी चौक नई दिल्ली एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल का स्वामी विवेकानन्द विमानतल में आत्मीय स्वागत किया।

# सांसद बृजमोहन ने परिवार के साथ देखी द साबरमती रिपोर्ट



**रायपुर, 21 नवम्बर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को पीवीआर सिनेमा, मैग्नेटो मॉल में अपने परिवार विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पूर्व सांसद सुनील सोनी समेत सैकड़ों समर्थकों के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। सिनेमा हॉल से निकलने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, द साबरमती रिपोर्ट फिल्म आज से 22 साल पहले गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन को जलाने के भयावह हादसे के सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक ने उस सच को जनता के सामने लाए है।

इस फिल्म के माध्यम से पूरे देश को सच मालूम चलेगा कि, 27 फ्वरी को गुजरात के गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में क्या हुआ था, कैसे हुआ था और किसने किया था। इस फिल्म का उद्देश्य न केवल उस दिन की घटनाओं को दिखाना है, बल्कि तात्कालिक सामाजिक, राजनीतिक गठजोड़ को भी उजागर करना है। जिसने झूठे नरेटिव फैलाकर सत्य को दबाने का घृणित प्रयास किया था। यह केवल एक फिल्म नहीं है, बल्कि यह उस हादसे के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके लिए निर्देशक धीरज सरना समेत पूरी टीम को बधाई देता हूं, साथ ही जनता से अपील करता कि सभी इस फिल्म को जरूर देखें। ताकि वे अतीत की त्रासदी से सीख लें और भविष्य में एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें।

## भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेलगाम : कांग्रेस

**रायपुर, 21 नवम्बर।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में रोज हो रही हत्याओं पर कांग्रेस ने गहरी चिंता व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में अपराधी बेलगाम हो गये है। आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। रायपुर शहर में एक पखवाड़े में 17 हत्याएं हुई है। प्रदेश का हर नागरिक डरा हुआ है। महिलायें असुरक्षित है। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं बढ़ गयी है। एक ही दिन में राजधानी के विधानसभा के पास आमासिवनी में शराब दुकान के सामने दो-दो हत्याये हुई, पुरानी बस्ती थाने के चंद कदमों की दूरी पर पेट्रोल डालकर एक युवक को जिंदा जला दिया गया, तेलीबांधा में गवाह को धमकाने अपराधियों ने हमला कर दिया, दिनदहाड़े गोलियां चल रही है, गैंगवार हो रहे हैं। दीवाली के दिन ही राजधानी रायपुर में 9 हत्या हुई, दुर्ग में 4 हत्याएं हुई।

# राइस मिल एसोसिएशन की बैठक में 2024-25 की पॉलिसी पर हुई चर्चा



**रायपुर, 21 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन की बैठक आज रायपुर के एक होटल में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, 33 जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री और राइस मिलर्स ने भाग लिया। बैठक में मिलर्स के पुराने भुगतान और खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की पॉलिसी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जानकारी के मुताबिक, प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन की यह बैठक लगभग 6 घंटे तक चली, जिसमें 200 से अधिक पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। मिलर्स ने कहा कि जब तक वर्ष 2022-23 का पूर्व भुगतान नहीं किया जाता और खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की पॉलिसी में सुधार नहीं होता, तब तक कस्टम मिलिंग का काम जारी रखना मुश्किल होगा। मिलर्स ने प्रोत्साहन राशि में कमी, धान में पेनल्टी, चावल जमा में पेनल्टी, बैंक गारंटी, सीसीटीवी कैमरा लगाने जैसे मुद्दों पर आपत्ति जताई।

बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर 2024-25 की कस्टम मिलिंग नीति में सुधार और पुराने बकाया सीएमआर बिलों के भुगतान में हस्तक्षेप की मांग की है।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन की मांगे:** प्रोत्साहन राशि का भुगतानः प्रोत्साहन राशि यथावत 120/- प्रति क्विंटल रखते हुए पूर्व वर्ष 2022-23 की दूसरी किस्त का 60/- रुपये एवं 2023-24 की पहली किस्त का 60/- रुपये भुगतान किया जाए, और वर्ष 2024-25 में प्रोत्साहन राशि मिलर के धान उठाव के विपरीत चावल जमा होने पर एकमुश्त भुगतान किया जाए। साथ ही, स्नक्रय, परिवहन, बारदाना और पेनल्टी की विसंगतियों को दूर करके भुगतान किया जाए। हमारा अनुबंध मार्कफेड से है, अन्य से पैसे मिले या नहीं, यह हमें प्रभावित नहीं करता है।

**चावल जमा की पेनल्टी:** मिलर चावल जमा करने के लिए 7 कार्य दिवस में विंग्स ऐप में आवेदन करेगा। यदि 20 कार्य दिवस में निर्धारित मात्रा में चावल जमा नहीं किया जाता, तो केवल उतनी मात्रा पर 5/- प्रति क्विंटल की पेनल्टी लगाई जाए।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26